हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 1 अगस्त 2025



2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482
81030 45003
Website : ssscn.ac.in

## सावन की विदाई के साथ जन्माष्टमी और गणेशोत्सव की रहेगी धूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंग्रेजी माह का अगस्त शुक्रवार से प्रारंभ हो रहा है। इस माह जहां सावन और भादो का समावेश होगा। वहीं लगातार पर्वों की धूम होगी। भाई-बहन के स्नेह का पर्व रक्षाबंधन से लेकर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व श्रीगणेश चतुर्थ सहित कई त्यौहारों से हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहेगा।

बदलते समय चक्र के साथ ही अगस्त माह प्रारंभ होते ही लोगो में हर्षोल्लास एवं श्रद्धा-भक्ति का वातावरण बना हुआ है। इस माह लगातार पर्वों की श्रृंखला बने रहने से लोगों की व्यस्तता भी रहेगी।

ज्ञात हो कि वर्तमान में सावन माह चल रहा है, जो 9 अगस्त तक चलेगा। सावन में अंचल में भगवान शिवमय माहौल है। श्रद्धा-भक्ति का वातावरण बना हुआ है। सावन का आखरी सोमवार 4 अगस्त को पड़ रहा है।

इस दिन विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### नौ अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व, 26 को तीजा पर महिलाएं रहेगी उपवास

#### 10 से भाद्रपद प्रारंभ

पंचाग के अनुसार इस माह 1 अगस्त को मासिक दुर्गाष्टमी, 4 को सावन का चौथा सोमवार, 9 को रक्षाबंधन सावन पूर्णिमा, 10 को भाद्रपद प्रारंभ, 12 को कजरी तीज, बहुला चतुर्थी, 15 को स्वतंत्रता दिवस, 16 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, 26 को हरितालिका तीज, 27 को श्रीगणेश चतुर्थी, 31 को श्रीराधा अष्टमी पर्व है। अगस्त माह में पर्वों की श्रृंखला को लेकर जहां लोगों ने पर्व मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं बाजार में पर्व संबंधी सामग्रियों की दुकानें भी सजने लगी है। बाजार में इन दिनों रक्षाबंधन पर्व के लिए एक से बढ़कर एक रेशम की डोरी राखियां की भरमार है। जगह-जगह राखी की दुकानें सजी हुई है, जहां से खरीदी भी शुरू कर दी गई है।



#### बाजार में बढ़ेगी रौनक

इधर अगस्त माह में पड़ रहे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं श्री गणेशोत्सव पर्व दही लूट के लिए भी सभी समितियों द्वारा व्यापक तैयारियां जारी कर दी गई है। शहर एवं अंचल में मूर्तिकारों की व्यस्तता बनी हुई है। भगवान श्रीकृष्ण एवं श्रीगणेश की मूर्तियां बनाने का कार्य मूर्तिकारों द्वारा दिन-रात किया जा रहा है। बाजार में साज-सजावट की सामग्रियों के साथ ही पूजा-अर्चना के सामग्रियों की दुकानों में भी साज-सजावट शुरू कर दी गई है। अगस्त माह में लगातार पर्वों के चलते लोगों में व्यस्तता और श्रद्धा-भक्ति का माहौल रहेगा।

### केंद्र सरकार से निर्देश मिलने के बाद विभाग ने शुरू की कार्रवाई

## सालभर से राशन नहीं लेने वालों की होगी जांच, अपात्र होने पर रद्द होंगे कार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

केंद्र सरकार के आदेश बाद जिले में भी अपात्र राशन कार्डों को रद्द करने की दिशा में काम शुरू हो गया है। पिछले छह महीने या इससे अधिक समय से राशन नहीं लेने वाले एपीएल को छोड़ शेष राशन कार्ड की जांच की जाएगी। जिसके उपरांत अपात्र पाए जाने पर उन कार्ड को रद्द किया जाएगा। जिले में ऐसे करीबन सात हजार राशन कार्ड की संख्या सामने आई है, जिन्होंने छह महीने की अवधि से अधिक राशन नहीं लिया है।

उल्लेखनीय है कि केंद्र सरकार ने 22 जुलाई को लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली संशोधन आदेश, 2025 नोटिफाइड किया है। इसके तहत पिछले छह महीने या इससे अधिक समय से राशन नहीं लेने वालों की जांच के बाद अपात्र पाए जाने पर कार्ड एक्टिव नहीं रहेंगे। खाद्य विभाग को घर-घर जाकर जांच और ई-केवाईसी से दोबारा पात्रता तय करने भी कहा गया है। बताया गया कि इसमें प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त राशन नहीं लेने वाले भी दायरे में आएंगे। जिले में ढाई लाख से अधिक सक्रिय राशन कार्ड हैं। इस कवायद में कितने कार्ड रद्द होंगे, यह संख्या जांच के बाद स्पष्ट होगी। सूत्रों के अनुसार राज्यों में 7 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक कार्ड रद्द हो सकते हैं। सैकड़ों की संख्या में कार्ड डुप्लीकेट होने का अनुमान है। ऐसे में केंद्र ने राज्यों को आदेश सख्ती से लागू करने को कहा है।



#### संदिग्ध राशन कार्डों का सत्यापन

विभाग ने निर्देश मिलने के बाद अपने स्तर पर जांच कर ऐसे कार्ड की संख्या भी निकाली है7 जिसके अनुसार जिले में डुप्लीकेट आधार की संख्या 3553, 12 माह से अधिक उठाव न करने वाले राशन कार्ड के आंकड़े 3043 एवं पिछले 6-12 माह से अधिक उठाव न करने वाले कार्ड की संख्या 827 है। अब इन कार्डधारको से संपर्क कर उनका सत्यापन किया जाएगा।

#### ई-केवाईसी नहीं, कई कार्ड रद्द

बताया गया है कि 30 जून तक के-वाईसी नहीं करवाने वाले राशन कार्डो पर राशन देना बंद कर दिया गया है, लेकिन अब यह सवाल भी खड़ा हो गया है कि जिन लोगों ने ई-केवाईसी नहीं करवाया है, क्या उनके राशन कार्ड फर्जी हैं और वे नाम संदिग्ध है, जो बरसों से इसी राशन कार्ड के आधार पर अरबों रुपयों का राशन उठा चुके हैं। इस पूरे मामले लेकर राज्य सरकार ने जांच शुरू कर दी है। अब संदिग्ध राशन कार्डों की भौतिक जांच शुरू कर दी गई है।

#### तीन महीने पहले काटे गए नाम

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार करीबन तीन महीने पहले भी राशन कार्ड की जांच की गई थी। उस दौरान मृत हो चुके लोगों के नाम राशन कार्ड से काटने की करवाई की गई है। बताया गया कि जिले में करीबन आठ हजार मृत लोगों के नाम काटे गए हैं। आगे भी मृत लोगों के नाम काटने की करवाई जारी रहेगी।

#### इन लोगों के कटेंगे नाम

मिली जानकारी के अनुसार ऐसे लोगों के नाम उनकी सहमति से काटे जाएंगे, जो या तो दूसरे राज्य से शादी के बाद यहां आए हैं या फिर शादी के बाद दूसरे राज्य या जिले चले गए गए हैं। ऐसे लोगों के नाम दो जिलों के राशन कार्ड में दर्ज हैं, ऐसे में इन दोनों में से एक जगह ही उनके नाम रखे जाएंगे।

### बालाजी ड्रीम सिटी का मामला, भिलाई से आरोपी पकड़ाया

## जमीन रजिस्ट्री कराने के नाम पर 16 लाख की धोखाधड़ी, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव




जमीन रजिस्ट्री कराने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते आरोपी को सोमनी पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम सांकरा बालाजी ड्रीम सिटी में प्लाट विक्रय हो रहा था। जिसकी खरीदी हेतु पी. विजय कुमार से संपर्क होने पर पी. विजय कुमार के माध्यम से बालाजी ड्रीम सिटी टेडेसरा अवासीय प्लाट ब्लाक ए- प्लाट नंबर 72 रकबा 2256.28 वर्ग फीट को विक्रय करने का 15,56,819 रुपए में सौदा कर बयाना एवं अन्य खर्च के लिए आरोपी पी. विजय कुमार को 11,27,000 एवं बालाजी ड्रीम सिटी टेडेसरा के प्लाट नं 154, 155 को कुल 13,69,588 रुपए में सौदाकर बयाना और अन्य खर्च के लिए कुल 5,71,100 आरोपी पी. विजय कुमार को दिया गया। आरोपी पी. विजय कुमार द्वारा प्रार्थीगण को उक्त प्लाट का रजिस्ट्री कराने के नाम पर छलपूर्वक विक्रय पत्र तैयार किया गया व उसी के साथ आम मुख्तयारनामा भी तैयार करवा लिया गया एवं सभी मूल दस्तावेज स्वयं अपने पास रख लिया। इस तरह से आरोपी पी. विजय कुमार रजिस्ट्री कार्यालय में पंजीकरण का ड्रामा करके छल से आम मुख्तारनामा के कागज बनवाकर प्रार्थियों के साथ 16,98,100 रुपए का धोखाधड़ी किया। जिसकी रिपोर्ट पर सोमनी में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

#### योजना बनाकर फ्रॉड

मूल भूमि स्वामी से रजिस्ट्री नहीं होने और दोनों खरीदार रजिस्ट्री के लिए परेशान करने पर प्रमोद कुमरे एवं तारकेश्वरनाथ से रजिस्ट्री की बात बोलकर रजिस्ट्रॉर कार्यालय राजनांदगांव में बुलाकर उपरोक्त जमीन का अपने नाम से आम मुख्यतयारनामा तैयार कराने वाले दस्तावेजों में महेन्द्र कुमरे एवं तारकेश्वरनाथ से हस्ताक्षर कराकर उपरोक्त प्लाट का अपने नाम से आम मुख्यतयारनामा रजिस्ट्रॉर कार्यालय से प्राप्त करना, कमीशन के लालच मे आकर लाभ कमाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से रजिस्ट्री कराने के नाम पर छलपूर्वक विक्रय पत्र व उसी के साथ आम मुख्त्यारनामा पत्र तैयार दोनों पेपर में हस्ताक्षर लेना तथा मूल दस्तावेज अपने पास होना बताया। आरोपी से मूल दस्तावेज विधिवत जब्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया।

**भिलाई में आरोपी पकड़ाया :** पुलिस के अनुसार इस मामले में आरोपी की पता तलाश के दौरान मुखबीर सूचना पर आरोपी पी. विजय कुमार 35 साल निवासी न्यु दीनदयाल कालोनी खम्हरिया जुनवानी भिलाई को स्मृति नगर भिलाई से हिरासत में लेकर पूछताछ किया, जो बताया कि प्रमोद कुमार कुमरे निवासी जानकीपुरम लखनऊ को बालाजी ड्रिम सिटी टेडेसरा में एक अवासीय प्लाट रकबा 2256.28 वर्ग फीट को विक्रय करने का 15,56,819 रुपए में बेचने का सौदा कर बयाना एवं अन्य खर्च के लिए 11,27,000 रुपए तथा दो प्लाट 13,69,588 रुपए में विक्रय करने तारकेश्वरनाथ व्रिकय रकम की बयाना एवं अन्य खर्च के लिए 5,71,100 रुपए प्राप्त किया है।

## मोतीपुर से निकाली बाबा महाकाल की पालकी






हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के मोतीपुर से तुलसीपुर के बीच गुरुवार को बाबा महाकाल की पालकी निकाली गई। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त इस यात्रा में शामिल हुए। लोक-सांस्कृति की झलक के साथ ही महाकाल के भजन के साथ यात्रा निकली।

## बाइक सवार बिजली खंभे से टकराए, दो युवकों की मौत

**राजनांदगांव।** अपने दोस्त से मिलकर महाराष्ट्र से लौट रहे दो बाइक सवार बिजली खंभे से जा टकराए। इस घटना में दोनों युवकों की मौत होने की खबर है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मुकेश 28 वर्ष एवं सुजीतराम 20 वर्ष दोनों महाराजपुर स्थित राइस मिल में काम करते थे। बताया गया कि दोनों अपने दोस्त से मिलने के लिए महाराष्ट्र के ग्राम काकोडी गए हुए थे, जब वे महाराष्ट्र से वापस बाइक में सवार होकर लौट रहे थे। इस दौरान दोपहर लगभग साढे 3 बजे वे ग्राम कल्लूबंजारी से दामाबंजारी के बीच पहुंचे ही थे कि उनकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे



बिजली खंभे से जा टकराई। बताया गया कि इस घटना में बाइक में सवार दोनों युवकों के सिर बिजली खंभे से जा टकराई थी। जिससे दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। इधर घटना की सूचना मिलने पर पुलिस उन्हें छुरिया अस्पताल भिजवाया। पुलिस इस घटना की जांच कर रही है।

## बीटी एक्ट के खिलाफ बौद्ध अनुयायियों ने निकाली रैली



### एक जुलाई से चल रहा विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बोधगया टेंपल एक्ट के खिलाफ बौद्ध समाज द्वारा शहर में 1 जुलाई से चल रहे राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन का आज समापन किया गया। इस दौरान शहर में राज्य स्तरीय रैली का आयोजन करते बोधगया मंदिर का पूर्ण प्रबंधन बौद्ध समाज को सौंपने की मांग की गई।

शहर के कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने एक महीने से जारी महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन के अंतिम दिन शहर में विशाल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में बौद्ध अनुयायी शामिल हुए। रैली कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे से शुरू होकर प्यारेलाल चौक से गुरुद्वारा चौक, महाकाल चौक, सिनेमा लाइन होते हुए विभिन्न मार्गों से वापस कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। इस रैली में शामिल बौद्ध अनुयायियों ने बीटी एक्ट के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की।

**बीटी एक्ट को बताया काला कानून :** बौद्ध समाज द्वारा रैली से पूर्व एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बौद्ध भिक्षु और सैकड़ों बौद्ध अनुयायी शामिल हुए। सभा के दौरान बीटी एक्ट को काला कानून बताते इसे खत्म करने जमकर नारेबाजी की गई। वहीं जब तक इस कानून को रद्द नहीं किया जाता और पूर्ण अधिकार बौद्धों को नहीं मिलता, तब तक इस लड़ाई को जारी रखने के बाद कही गई है।

#### धार्मिक स्वतंत्रता और अधिकार की लड़ाई

बौद्ध समाज द्वारा आयोजित इस प्रदेश स्तरीय रैली में बौद्धगया टेंपल एक्ट 1949 को असंवैधानिक कानून बताते हुए निरस्त किए जाने की मांग की गई। इस आंदोलन के मुख्य संयोजक भिक्खु धम्मतप ने कहा कि यह लड़ाई 134 साल पुरानी है। 58 साल बाद बोधगया टेंपल एक्ट बना, लेकिन इस कमेटी में चार बौद्ध, चार हिंदू को शामिल किया गया और पदेन कलेक्टर को प्रबंधन कमेटी का अध्यक्ष बना दिया, जो हमें स्वीकार नहीं है। हम यह लड़ाई अब तक लड़ते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे बाकी धर्म के स्थलों में उस समाज को ही प्रबंधन का पूरा अधिकार होता है। उसी तरह हमारे आध्यात्मिक धरोहर महाबोधि महाविहार का पूर्ण प्रबंधन बौद्ध समाज को मिलना चाहिए।

### जमीन के दाम से ज्यादा भू-भाटक का निर्धारण, लोग परेशान

## कांग्रेस सरकार ने शहर के लिए 3 साल पहले बदला था आदेश, अब भाजपा सरकार में अटका संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नजूल भूमि के भू-भाटक के निर्धारण को लेकर छिड़े विवाद के चलते शहर के करीब 2100 से ज्यादा कब्जेदारों का प्रकरण नजूल न्यायालय में अटका हुआ है। तत्कालीन कांग्रेस की सरकार द्वारा अकेले राजनांदगांव शहर के लिए भू-राजस्व संहिता को बदले जाने से परेशान शहरवासियों को अब भाजपा सरकार से न्याय की उम्मीद है।



नजूल न्यायालय के चक्कर काट रहे लोगों का कहना है कि भू-भाटक के रूप में पिछले 70 साल का निर्धारण कर लाखों रुपए जमा करने कहा जा रहा है। जबकि प्रदेश के दूसरे शहरों में वसूली आवेदन दिनांक से की जा रही है। हालांकि अब तक इस सरकार में भी शहरवासियों को राहत नहीं मिल पाई है।

उल्लेखनीय है कि प्रदेश में काबिज रही भाजपा सरकार ने वर्ष 2015 में भी एक आदेश एवं दिशा-निर्देश जारी किया था। उस आदेश में कहा गया था कि शहर के नजूल भूमि धारकों द्वारा आवेदन करने पर भू-भाटक का निर्धारण चालू वर्ष से ही किया जाए। यह आदेश राजनांदगांव के साथ ही प्रदेशभर के लिए जारी हुआ था, लेकिन इसमें छह साल बाद 2021 में तत्कालीन प्रदेश की कांग्रेस सरकार के निर्देश पर अकेले राजनांदगांव शहर के लिए बदलाव कर दिया गया था। बदलाव के बाद यह तय किया गया कि नजूल भूमि धारकों द्वारा आवेदन करने के बाद उनकी भूमि के भू-भाटक का निर्धारण कब्जा दिनांक से किया जाए। इस नियम में बदलाव के बाद निर्धारण की राशि लाखों रुपए तक पहुंच गई है। यही कारण है कि कई लोगों ने भू-भाटक निर्धारण करा तो लिया, लेकिन अब तक राशि अदा नहीं की है।

#### पूर्व सांसद अभिषेक से भी लगाई गुहार

नजूल भूमि के भूभाटक निर्धारण में आ रही दिक्कतों को लेकर शहर के लोगो ने पिछले दिनों पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से मुलाकात कर गुहार लगाई है। श्री सिंह ने लोगो को आश्वस्त किया है कि शीघ्र ही इस मामले में पहल की जाएगी और लोगों के साथ अन्याय नहीं होगा।

#### मालिक बने किरायेदार

शहरवासियों को पहले से ही दो टैक्ट पटाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। जमीन की रजिस्ट्री के बाद भी उन्हें नजूल में हर 30 साल में जमीन का पट्टा लेने के लिए भू-भाटक की राशि अदा करनी पड़ रही है। वहीं निगम प्रशासन के पास भी संपत्ति कर सहित अन्य टैक्स पटाना पड़ रहा है। हालात यह है कि शहरभर के लोगों के पास भले ही रजिस्ट्री है, लेकिन उन्हें लीज के तहत किरायेदार बनना पड़ रहा है।

#### विस अध्यक्ष ने लिखा सचिव को पत्र

इस मामले में शहर के कुछ वरिष्ठ भाजपा नेताओं द्वारा विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र सौंपा गया था, जिस पर आगे कार्रवाई करते विस अध्यक्ष ने राजस्व सचिव को अप्रैल महीने में पत्र लिख इसके समाधान के निर्देश दिए थे। हालांकि अब तक मामले में कोई पहल सरकार की तरफ से नहीं हो पाई है। जिसके चलते शहरवासियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## खबर संक्षेप

### किसानों को दी उपयोगी जानकारी

**चिचोला।** महाराजपुर सोसायटी में किसानों को नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, माइक्रो एटीएम एवं प्रधानमंत्री खरीफ फसल बीमा के बारे में जानकारी दी गई। किसानों को स्पेयर से यूरिया का छिड़काव करने के बारे में भी बताया गया। फसल बीमा का अंतिम दिन होने के कारण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान समिति प्रबंधक केजराम यादव आदि मौजूद थे।



### प्रवेश उत्सव में बच्चों का स्वागत

**खड़गांव।** ग्राम में संचालित न्यू ग्रीन वैली इंग्लिश मीडियम स्कूल में गुरुवार को प्रवेश उत्सव मनाया गया। स्कूल के शिक्षकों ने बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया। स्कूल प्रबंधक की ओर से बच्चों को निःशुल्क गणवेश, पुस्तकें, जूता, बैल्ट और टाई दिया गया। स्कूल के संस्थापक ने बताया कि स्कूल में शिक्षा के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक और अन्य गतिविधियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। बच्चों को मोटिवेट करने सेमीनार में शामिल किया जाता है।



### छात्रों ने जाना खेती के गुर



**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11 और 12 वी कृषि संकाय के छात्र छात्राओं को प्रायोगिक जानकारी देने की सराहनीय पहल की जा रही है। कृषि संकाय के आचार्य अनमोल पगारे, हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख ने विद्यालय के विद्यार्थियों को कृषि आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए विगत दिनों कृषक संतोष साहू के फार्म में धान रोपाई कराया। इस मौके पर विद्यार्थियों को धान बुआई की विभिन्न विधियों के बारे में बताया गया।

### कर्मचारियों ने सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों ने गत दिनों प्रमुख अभियंता को 6 सूत्री मांगों का लेकर ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को रिक्त पदों के विरुद्ध समायोजित कर नियमित वेतनमान देने की मांग की गई है। ज्ञात हो कि ऐसे कर्मचारी जिन्होंने 3 वर्ष की सेवा पूर्ण कर ली है और कार्यरत के विरुद्ध पद रिक्त है तो इन कर्मचारियों को सीधी भर्ती से न भर कर दैनिक वेतन भोगियों से नियमितीकरण किया जाए। जिसके लिए जिला स्तर पर समिति गठित की जाएगी जो कलेक्टर की अध्यक्षता में होगी। कार्यपालन अभियंताओं को इसका सदस्य बनाया जाएगा। आवश्यकता अनुसार अन्य भी कमेटी के सदस्य होंगे।

### ट्रस्ट की कार्यकारिणी गठित

**डोंगरगढ़।** मां बम्लेष्वरी ट्रस्ट समिति के चुनाव में सेवा दल का कब्जा होने के बाद मनोज अग्रवाल अध्यक्ष और पितांबर स्वामी निर्विरोध कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए है। चुनाव के बाद ट्रस्ट समिति के अन्य पदाधिकारियों का चयन किया गया है। वर्तमान ट्रस्ट मंडल में अध्यक्ष के रूप में मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश मिश्रा, अनिल गट्टानी, कोषाध्यक्ष पितांबर स्वामी, सचिव महेन्द्र परिहार, सह सचिव बबलू शांडिल्य अपनी सेवा देंगे।



### श्रद्धा से मनाया नागपंचमी

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में नाग पंचमी धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य प्रकाश यादव, आचार्य थैलेश साहू, बोधन भारद्वाज, झुंपा मंडल ने पूजा अर्चना से कार्यक्रम आरंभ किया। विद्यालय की भैया बहनों ने गीत, कहानी, कविता आदि प्रस्तुत किया। कार्यक्रम प्रस्तुत करने वालों में निशांत जैन, आकाश महोबिया, प्रवीण वर्मा, प्राची देवांगन, चंचल वर्मा, धृति देवांगन आदि शामिल थे। आचार्य अमित शुक्ला ने नागों की प्रजाति, नागमणि और इच्छाधारी नाग नागिनों के बारे में जानकारी दी। प्रकाश यादव ने समुद्र मंथन, लक्ष्मण का नागपाश से मुक्त होना आदि के बारे में बताया। बोधन भारद्वाज ने नाग का महत्व को बताया। संचालन ऋषभ ने किया।




### प्रेमचंद के योगदानों को किया याद

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डा अंजना ठाकुर के निदेशन में महान साहित्यकार मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाया गया। सर्वप्रथम पूजा भुआर्य, भावना निषाद ने मुंशी प्रेमचंद के जीवन इतिहास एवं उनकी रचनाओं पर प्रकाश डाला। इसी कडी में अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष चांदनी पराते ने उनके सादगी भरे जीवन और रचनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने आर्थिक अभावों के बाद कलम को नहीं छोड़ा और अपनी रचनाओं को सर्वोच्च स्थान तक पहुंचाया। प्राचार्य ने कलम के सिपाही की महिमा को उजागर करते हुए कहा कि उनकी रचनाओं में आम आदमी की संवेदना है दुःख ,दर्द से परिपूर्ण साहित्य समाज में सहानुभूति को स्थापित करता है और सभी को मानवता के यथार्थवाद पर चलने प्रेरित करता है। इस अवसर में रविना, पूजा, नेहा, प्रिया, दीपिका, थालेश्वर, जितेन्द्र तथा अतिथि व्याख्याता हरवंस चौरगे, संजू सिंह, डा काव्या जैन आदि मौजूद थे। संचालन एवं आभार प्रदर्शन हिंदी विभागाध्यक्ष ओमप्रकाश सहारे ने किया।



## आयुक्त ने ली तकनीकी अधिकारियों की बैठक, दिए आवश्यक निर्देश

# निदान 1100 के प्रकरणों का समय-सीमा में करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण कार्यों की बुधवार को आयोजित समीक्षा बैठक में नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने तकनीकी अधिकारियों को निदान 1100 के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में आयुक्त विश्वकर्मा ने निदान 1100 से आए शिकायतों के संबंध में जल, विद्युत एवं निर्माण कार्यों की जानकारी लेकर कहा कि निदान के प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण करना है। शिकायतकर्ता से जानकारी लेकर स्थल में जाकर वस्तुस्थिति से अवगत होकर निराकरण करें। विद्युत एवं पेयजल संबंधी शिकायतों का स्थल निरीक्षण कर समाधान करें। उन्होंने सफाई संबंधी शिकायतों में सफाई नहीं होने, कचरा नहीं उठने संबंधी प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने कहा। उन्होंने कहा कि कुछ शिकायतें ऐसे होते हैं। जिसका त्वरित निराकरण हो सकता है। ऐसे प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करें। राज्य स्तर पर इसकी समीक्षा की जाती है, इसे गंभीरता से लेकर निदान करें।

### कार्य में ढिलाई पर नोटिस करें जारी

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा में आयुक्त ने संबंधित अधिकारी से कहा कि नए स्वीकृत आवास के काम चालू कराकर शत-प्रतिशत जीओ टेक करना है तथा पात्र हितग्राहियो को अधिक से अधिक आवास आबंटन करने सतत प्रक्रिया करें। उन्होंने एएचपी के तहत निर्माणाधीन आवास की जानकारी लेकर निर्माण में गति लाकर जल्द पूर्ण कराने कहा तथा कार्य में ढिलाई पर संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी आवास योजना का लाभ देने लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने भवन अनुज्ञा के प्रकरणों का विधिवत निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार मोटर विभाग के प्रभारी से वाहनों की स्थिति की जानकारी लेकर खराब वाहन मरम्मत कराकर विभाग में सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने कहा।

### निर्माण कार्यों की वार्डवार ली जानकारी

आयुक्त विश्वकर्मा ने निर्माण कार्यों की समीक्षा में वार्डवार जानकारी लेकर अधोसंरचना, 15वें वित्त आयोग तथा राज्य प्रवर्तित योजना के कार्यों में जारी कार्यादेश के कार्य जल्द प्रारंभ कराने तथा अधूरे कार्य में तेजी लाकर समय-सीमा में पूर्ण कराने कहा। उन्होंने कहा कि जो काम पूर्ण हो चुके हैं, उसका पूर्णता प्रमाण पत्र दें, अप्रांरभ कार्य या अधूरे कार्य के लिए संबंधित ठेकेदार को नोटिस जारी कर कार्य प्रारंभ कराएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, इसके लिए सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में चल रहे कार्यों का सतत मानिटरिंग करें। आयुक्त विश्वकर्मा ने अतिक्रमण के संबंध में कहा कि अपने-अपने वार्ड में अतिक्रमण की जानकारी लेकर संबंधित को नोटिस जारी कर कार्रवाई करें। वार्डों में चल रहे वृक्षारोपण के संबंध में आयुक्त ने कहा कि सभी उप अभियंता अपने-अपने वार्ड में हो रहे वृक्षारोपण की जानकारी लेकर मानिटरिंग करेंगे तथा सुरक्षा के उपाय करेंगे। बैठक में कार्यपालन अभियंता यूके रामटेके, संजय वर्मा व दीपक खांडे, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, प्र. सहायक अभियंता वसीम खान सहित उप अभियंतागण उपस्थित थे।

# राजस्व अफसर हड़ताल पर, दफ्तर सूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अपनी 17 सूत्रीय मांगों को लेकर राजस्व अधिकारी हड़ताल पर हैं जिसके चलते जमीन संबंधी काम को लेकर लोगों को परेशानी हो रही है। तहसील दफ्तर में सन्नाटा पसरा है और लोग निराश होकर लौट रहे हैं। स्थानीय तहसील कार्यालय में नकल निकालने, त्रुटि सुधार, आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य राजस्व संबंधित कार्य के लिए पहुंचे लोगों को अधिकारियों के नहीं होने के कारण वापस लौटना पड़ रहा है। बीते तीन दिन से तहसीलदार समेत नायब तहसीलदार 17 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। अब तहसीलदारों की अनिश्चित कालीन हड़ताल शुरू हो गई है जिससे लोगों की चिंता और बढ़ गई है। हड़ताल के कारण तहसील कार्यालय का काम ठप है। राजस्व मामलों की सुनवाई नहीं होने के बाद पक्षकार पेशी की नई तारीख जानने पहुंच रहे हैं।

### वकीलों की भी बढ़ी परेशानी

राजस्व अधिकारियों की हड़ताल से आम लोगों के अलावा वकीलों की भी परेशानी बढ़ गई है। राजस्व मामलों की सुनवाई नहीं होने से उन्हे सीधे तौर पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। वकीलों ने बताया कि हड़ताल के कारण सुनवाई में विलंब होगा जिससे लोगों को न्याय भी देर से मिलेगा। स्थानीय तहसील कार्यालय में तहसीलदार और नायब तहसीलदार के चेंबर को खाली देखकर अपने काम को लेकर आए लोग मुंह लटकाकर लौट रहे हैं।

### प्रवेश के लिए ओपन काउंसलिंग एक को

**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ में बीए, बीकॉम, बीएससी एवं डीसीए प्रथम सेमेस्टर की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ओपन काउंसलिंग 1 अगस्त को नवीन भवन में आयोजित है। प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती ने बताया कि ओपन काउंसलिंग में उन विद्यार्थियों को प्रवेश का अवसर दिया जाएगा जिन्होंने आनलाइन आवेदन किया था किन्तु प्रवेश से वंचित हो गए हैं। इच्छुक छात्र-छात्राएं एक अगस्त को ओपन काउंसलिंग में आवश्यक दस्तावेजों सहित भाग ले सकते हैं। प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतया रिक्त सीटों के आधार पर होगी। आवेदन संख्या रिक्त सीटों से अधिक पाई जाती है, तो चयन मेरिट सूची एवं आरक्षण नियमों के अनुसार किया जाएगा।



# राखी बाजार सजकर तैयार

**खडगांव।** आगामी नौ अगस्त को भाई बहन के प्रेम का पर्व रक्षाबंधन मनाया जाएगा। इस मौके पर राखी की खरीदी की संभावना को देखते हुए व्यापारियों ने भरपूर स्टाक लाया है जिसमें 2 रुपए से 200 रुपए तक तक कीमत की राखियां शामिल है। पूजा राखी, मूंगा राखी, मोटू पतलू, ज़ारी, स्टोन, डोरा, छोटा भीम, बाहुबली, लाइट राखी जैसी नई वेरायटी की राखी उपलब्ध है।

व्यापारी देवेन्द्र गुप्ता ने बताया कि बीते वर्ष की तुलना में इस वर्ष राखियों में बहुत ज्यादा वैरायटियां उपलब्ध है। इस साल रेट लगभग 10 प्रतिशत तक अधिक है। व्यापारी तिलक साहू ने बताया कि उनके यहां 2 से 200 रूपए तक की राखियां है। सभी राखियों पर उपहार भी दिया जा रहा है। व्यापारी चाहत तंबोली ने बताया कि राखियों का भरपूर स्टाक उपलब्ध है। न्यू सजावट महासेल के संचालक ने बताया कि उनके संस्थान में राखियों की खरीदी पर उपहार दिया जा रहा है। नीलिमा जैन ने बताया कि उनके यहां राखियों का रेंज सुंदर और शानदार है साथ ही दाम भी कम है। रक्षाबंधन को लेकर खड़गांव में राखियों की दुकाने सजकर तैयार हैं।



# नीरज विद्या मंदिर में तुलसी जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नीरज विद्या मंदिर में गोस्वामी तुलसीदास जयंती गरिमा के साथ मनाई गई। नियमित प्रार्थना सभा के दौरान विद्यार्थियों ने दोहों एवं चौपाईयों का गायन किया।

एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी ने इस मौके पर कहा कि तुलसी के राम जन-जन के राम हैं और उनके चरित्र को अंगीकार कर हम श्रेष्ठ जीवन जी सकते हैं। उन्होंने तुलसीदास के दोहों का गायन किया। प्राचार्य सुश्री अंजुम जहान ने तुलसीदास के जीवनवृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने रामचरित मानस महाकाव्य के माध्यम से भक्ति का वरदान दिया है। उनकी रचना कालजयी है और प्रत्येक युग में उसे लोग शिरोधार्य करते रहेंगे। संगीत शिक्षक डोमेश्वर सिन्हा एवं शुभम शेण्डे के मार्गदर्शन में छात्र-छात्राओ ने भक्ति गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान दोहा लेखन, दोहा वाचन, रामायण पर श्रुतलेख, निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मयंक शाकल्ये एवं हर्ष यदु थे। संचालन डॉ लोकेश शर्मा ने किया। इस मौके पर रेखा निषाद, सरिता साहू, चित्ररेखा धनकर, नंदनी साहू एवं धन्नी साहू आदि उपस्थित थे। यह जानकारी घनश्याम तिवारी



# सड़क हुई जर्जर आवागमन कठिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

कोलेन्द्रा- रीवागहन मार्ग बारिश होने के बाद काफी खराब हो गया है। इस मार्ग से कोलेन्द्रा, रीवागहन और कातलवाही के बच्चे बेलगांव स्कूल जाते है। सड़क के खराब होने के बाद स्कूल जाने वालों की संख्या कम हो गई। इसी मार्ग से ग्रामीणों को विभिन्न कार्यों के लिए बेलगांव आना जाना पड़ता है। ग्रामीण रोड निर्माण के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों को आवेदन दे चुके हैं किन्तु किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया है।

### सड़क पर गड्ढे

जानकारी के अनुसार बारिश होने के बाद कोलेन्द्रा - रींवागहन मार्ग बदहाल हो गया है। ग्रामीणों को पानी भरे गड्ढों से होकर आवागमन करना पड़ रहा है। सड़क की हालत दिनों दिन बद से बदतर इते जा रही है। सड़क निर्माण की दिशा में पहल नहीं होने से ग्रामीण काफी नाराज है। ग्रामीणों ने परेशानी को देखते हुए सड़क निर्माण की मांग की है।

# शिव लोक बना आकर्षण का केन्द्र

- पर्यटन स्थल बनाने की मांग उठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मानपुर

ग्राम का शिव लोक इन दिनों आस्था और आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सावन माह के अवसर पर यहां भक्तों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। शिव लोक में शिवलिंग, नंदी, हनुमान प्रतिमा स्थापित किया गया। यहां शिव परिवार की मनोहारी झांकी बनाकर आध्यात्मिक पर्यटन स्थल का रूप दिया गया है। हर सोमवार को पूजा-अर्चना और भजन-कीर्तन होता है, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व नगरवासी सम्मिलित होते हैं।



### सावन में खास उत्साह

सावन के दौरान यहां होने वाले जलाभिषेक में दूर-दराज के भक्त शामिल होने आ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यहां हर साल महाशिवरात्रि पर मेला और महाप्रसादी का आयोजन होता। नवरात्र में ज्योति कलश प्रज्जवलित किया जाता है। हर साल कांवड़ियों द्वारा कोतरी नदी का जल लाकर अभिषेक किया जाता है। शिवलोक के पदाधिकारी एवं सदस्य सतीश दुबे, अजय यादव, गोपाल वर्मा, कौशल जंघेल, प्रमोद निर्मल , घनश्याम श्रीवास्तव, कैलाश यादव, विशाल यादव, रवि देवांगन, ताम्रध्वज देवांगन, मालुक राम, रूपेश ध्रुवे, देवाराम सूर्या, सुनील चलाने, राजकुमार उर्वरा, पुजारी हरिप्रसाद दुबे ने शिवलोक को पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित करने की मांग की है।

# वनांचल के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खड़गांव

वनांचल के बच्चों को शिक्षा से जोड़ने पर खास फोकस किया जा रहा है किन्तु यहां महाविद्यालय नहीं होने के कारण अंचल के बच्चे उच्च शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। बारहवीं की पढ़ाई के बाद अंचल के बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए दल्लीराजहरा, मोहला या मानपुर जाना पड़ता है जिनकी दूरी लगभग 25 से 28 किलोमीटर है। दूरी और आर्थिक कारणों कई बच्चे पढ़ाई छोड़ देते हैं क्योंकि बाहर निवास करना या अप डाऊन कर पाना उनके वश में नहीं होता है।

क्षेत्र की जरूरत को देखते हुए व्यापारी संघ एवं ग्रामवासी कालेज की मांग को लेकर कई बार आवेदन दे चुके है किन्तु शासन की ओर से अब तक सकारात्म पहल नहीं हुई है। व्यापारी संघ के तोमन साहू ने बताया कि महाविद्यालय को लेकर आवेदन पत्र दिया गया है लेकिन अभी तक पहल नहीं हुई है। इस दिशा में शीघ्र पहल नहीं हुई तो ग्रामीणों को आंदोलन करने विवश होना पड़ेगा।

## सैंकड़ों की संख्या में शिव भक्त हुए शामिल

# उज्जैन की तर्ज पर निकाली बाबा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

श्री महाकाल भक्त समिति द्वारा श्रावण माह के तीसरे सोमवार को बाबा चन्द्र मौलेश्वर की पालकी यात्रा निकाली गई। इस दौरान पूरा शहर हर हर महादेव के नारे से गूँज उठा। उल्लेखनीय है कि पंचधातु निर्मित चन्द्रमौलेश्वर बाबा की प्रतिमा उज्जैन से लाकर तारण पीपलेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित किया गया है। पालकी यात्रा तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर रविदास नगर, ठेठवार पारा, डिपरापारा, पशुपति नाथ मंदिर ब्राह्मण पारा, कचहरी चौक, हाईस्कूल चौक, सब्जी मंडी, गोलबाजार, जय स्तंभ चौक, रेल्वे चौक, केदारनाथ मंदिर, बुधवारीपारा, गोल बाजार, भगतसिंह चौक होते हुए वापस तारण पीपलेश्वर महादेव मंदिर पहुंची। आयोजन में कुश मालेकर, आशुतोष यादव, दीपांशु भारद्वाज, महेंद्र यादव, अंकित सेन, गोविंदा देवांगन, भूपेंद्र यादव, पुष्पेंद्र तिवारी, गौरव यादव, मनीष निषाद, रणजीत यादव, लक्ष्मी नारायण, मनीष चंद्रवंशी, सौरभ सिन्हा, पंकज सोनी, आकाश यादव, जय यादव, आकाश कावड़े, विक्की यादव, गगन भागमारे, प्रियांशु महोबिया, रोनित श्रीवास्तव, प्रेम ढीमर, ओम सेन, शिवम यादव, तेजस शांडिल्य, गोविंद यादव, आर्यन नामदेव के अलावा विश्व हिंदू परिषद, शक्ति वाहिनी, श्री रघुनंदन भक्त समिति, महोबिया परिवार एवं अन्य संगठनों के लोग शामिल हुए। विभिन्न स्थानों पर पालकी का स्वागत कर प्रसादी वितरण किया गया। आगामी सोमवार को तारण पिपलेश्वर महादेव मंदिर में महा आरती एवं प्रसादी का आयोजन किया गया



# जयंती समारोह कल से आलीवारा में

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

- मानस मंडलियां देंगी रंगारंग प्रस्तुति

श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान जिला ई का ई राजनांदगांव के तत्वावधान में दो दिवसीय तु ल सी दा स जन्मोत्सव का आयोजन 2 एवं 3 अगस्त को आलीवारा में रखा गया है। विधायक दलेश्वर साहू के फार्म हाउस में आयोजित कार्यक्रम में सभी ब्लाक की दो मानस मंडली तथा दो प्रवक्ता शामिल होंगे। पहले दिन 2 अगस्त को विधायक दलेश्वर साहू ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करेंगे। मंगलाचरण की प्रस्तुती परमेश्वरी महिला मानस मंडली मेढ़ा देगीह। प्रवक्ता के रूप में शंकर साहू, हरभजन सिंह भाटिया, तामेश्वर साहू शामिल होंगे। इस मौके पर कला निकेतन मानस मंडली भेडीकला, राम संदेश मानस मंडली हर्राटोला, गजानन मानस मंडली आरी कोनारी की प्रस्तुती होगी। तरूणा साहू की पंडवानी के साथ पहले दिन का समापन होगा। दूसरे दिन 3 अगस्त को पं. युवराज पांडे, विधायक श्री साहू एवं श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान के पदाधिकारी शुभारंभ करेंगे। इस दिन प्रवक्ता के रूप में ग्वालचंद सिन्हा, चिंताहरण पटेल, गुमान साहू शामिल होंगे। गणेश मानस मंडली चिद्दों, स्वर धारा मानस मंडली तुलसीपुर, प्रतिभा बालिका मानस मंडली पुर्रामटोला, तुलसी मानस मंडली रातापायली की प्रस्तुती होगी। अंत में रामायण जी आरती के बाद

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने की मंडल व सेक्टर प्रभारियों की नियुक्ति



**गंडई पंडरिया।** संगठन को मज़बूत करने की दिशा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गंडई ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज और जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे के निर्देशानुसार व विधायक यशोदा नीलांबर वर्मा की उपस्थिति में पैलीमेटा, ढाबा और पेंडरवानी में मंडल और सेक्टर कमेटियों में अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त मंडल और सेक्टर अध्यक्षों को 21 सदस्यीय कार्यकारिणी गठित करने कहा गया है, जिससे ज़मीनी स्तर पर संगठन को अधिक सक्रिय किया जा सके। उक्त बैठक में विधायक यशोदा वर्मा के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, नीलांबर वर्मा, गंडई प्रभारी संदीप सिरमौर, ब्लॉक अध्यक्ष भिक्षेश यादव, रोहित पुलस्त्य, प्रेमलाल साहू, राधामोहन वैष्णव, राजेश पाल, धर्मेंद्र मंडावी, रिखीराम पटेल, अमित टंडन, ताराचंद बंजारे, दिनेश रजक, बेंगलाल वर्मा, पुलेंद्र साहू, व्यास वर्मा, टिकेंद्र धुर्वे और इजराइल खान आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### महोबिया समाज ने मनाया नागपंचमी



**छुईखदान।** महोबिया समाज ने मंगलवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ नागपंचमी मनाया। इस अवसर पर समाज के लोगों ने रीति-रिवाजों से नाग देवता की पूजा की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः ठाकुर जी की पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने भाग लिया। मिट्टी के नाग देवता को दूध, जल, चंदन और पुष्प अर्पित किया गया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर नागपंचमी व्रत कथा का पाठ किया। इस अवसर पर महोबिया समाज के अध्यक्ष संजय महोबिया ने सामाजिकजनों को नागपंचमी की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में संदीप महोबिया ने कहा कि नागपंचमी हमारी सांस्कृतिक परंपरा का प्रतीक है, जो हमें प्रकृति और जीव-जंतुओं के प्रति सम्मान भाव रखने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में महोबिया समाज के राधे महोबिया, विक्की महोबिया, पियूष तंबोली, निक्कू महोबिया, अंकित महोबिया, नवीन महोबिया, चिंटू महोबिया, अनुराग महोबिया उपस्थित थे। अतिथियों ने समाजिक एकता और संस्कृति के संरक्षण के लिए महोबिया समाज के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, लोकगीत, रंगोली, फैंसी ड्रेस के प्रतिभागियों एवं फस्ट डिविजन आने वाले छात्र- छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।अंत में सामूहिक भंडारे और प्रसाद वितरण किया गया।

### निःशुल्क गणवेश, पुस्तक वितरित



**सड़क अतरिया।** वेद विज्ञान विद्या मंदिर सड़क अतरिया में बुधवार को निःशुल्क गणवेश एवं पुस्तक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि एबीईओ श्री सुधाकर थे। अध्यक्षता बीआरसी श्री शर्मा ने की। विशिष्ट अतिथि संस्था संचालक राजेश देवांगन, नोडल अधिकारी खेमराज सिन्हा, प्राचार्य रवि चंदन, लेखूराम श्रीवास, मनोज यादव, डी आनंद, कैलाश पटेल, सुरेश साहू, सरगम गुप्ता, नंदकिशोर साहू, जागेंद्र भारती, रैमुन बंजारे, सत्यभामा साहू, वर्षा जंघेल, पायल तम्बोली, पायल देवांगन एवं अभिभावक थे।

### स्काउट-गाइड पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन



**गंडई पंडरिया।** भारत स्काउट्स एवं गाइडस, छत्तीसगढ़ के खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले द्वारा राज्य पुरस्कार जांच के लिए एक पूर्वाभ्यास शिविर का आयोजन किया गया। यह तीन दिवसीय शिविर 28 से 30 जुलाई तक शासकीय हाई स्कूल ढाबा में हुआ। इसका उद्देश्य स्काउट, गाइड, रोवर और रेंजर को राज्य पुरस्कार के पाठ्यक्रम के लिए तैयार करना था। शिविर में प्रवेश से लेकर राज्य पुरस्कार तक के सभी विषयों पर प्रशिक्षण और जांच की गई। इसमें गणवेश, नियम, प्रतिज्ञा, गांठें, प्राथमिक उपचार, नक्शा बनाना और पायनियरिंग प्रोजेक्ट जैसे महत्वपूर्ण विषय शामिल थे। इस शिविर में सरस्वती शिशु मंदिर खैरागढ़ से 11, शासकीय हाई स्कूल ठंडार से 4 और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टोलागांव से 2 सहित कुल 17 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उन्हें जिला संगठन आयुक्त धनुष सिन्हा, श्रीमती ललिता कोसारे और अन्य वरिष्ठ प्रशिक्षकों ने मार्गदर्शन दिया। शिविर के दूसरे दिन, कैंप फायर कार्यक्रम में ग्राम पंचायत ढाबा के सरपंच प्रतिनिधि हेमंत वर्मा, हाई स्कूल ढाबा के शाला विकास समिति के अध्यक्ष बोधराज देवांगन और अन्य गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए। शासकीय हाई स्कूल ढाबा की प्राचार्य श्रीमती नीलम नेताम ने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग किया।

### विद्यार्थियों को मिला लक्ष्य निर्धारण व सफलता का मंत्र



**खैरागढ़।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम हुआ। संचालक रोजगार एवं प्रशिक्षण, छग विजय दयाराम के निर्देशानुसार उपसंचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, राजनांदगांव के समन्वय से आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित अतिथि ने कक्षा बारहवीं के लगभग 170 छात्र-छात्राओं को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक मार्गदर्शन दिया। अपने वक्तव्य में उन्होंने कैरियर और व्यवसाय शब्दों का सरलता से विश्लेषण करते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारण, धैर्य और निरंतर प्रयास के महत्व को रेखांकित किया। उदाहरण स्वरूप महाभारत के अर्जुन की एकाग्रता और रामायण की शबरी की प्रतीक्षा को प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को बताया गया कि सफलता समय लेती है, परंतु धैर्य और समर्पण से ही संभव है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध गीत रुक जाना नहीं तू कहीं हारकर और हरिवंश राय बच्चन की कविता कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती के माध्यम से प्रेरणा दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य रोशन लाल वर्मा, सेनि कनिष्ठ रोजगार अधिकारी संजय भागवत, मॉडल कैरियर सर्विस की यंग प्रोफेशनल शुभि सहित शिक्षक उपस्थित थे।

## समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

# लंबित प्रकरणों का समय पर गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए
- लंबित प्रकरणों की समीक्षा

समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने अधिकारियों को प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने विभागीय कार्यों में दक्षता लाकर नागरिकों को त्वरित सेवाएं उपलब्ध कराने कहा। शिक्षा और महिला व बाल विकास विभाग को निर्देशित किया कि जर्जर भवनों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों और विद्यालयों के बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

ऐसे केंद्रों और स्कूलों को सुरक्षित स्थानों पर शीघ्र स्थानांतरित किया जाए। बैठक में लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण कार्य संपादन पर जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी कार्यों को सतर्कता और संवेदनशीलता के साथ पूरा किया जाए। धान के सुचारु परिवहन के संबंध में उन्होंने डीएमओ को निर्देशित किया कि बारिश के कारण संग्रहण केंद्रों में कीचड़ होने पर वाहनों के आवागमन को देखते हुए उचित वैकल्पिक व्यवस्था की जाए ताकि धान समय पर मिलर्स तक पहुंच सके।

### राजस्व कार्यों में गति लाने कहा

राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन और डायवर्जन जैसे प्रकरणों के निपटारे में तेजी लाने कहा। अटल मॉनिटरिंग पोर्टल में जिले की रैंकिंग सुधारने और विभागीय कार्यों की गुणवत्ता बढ़ाने सतत प्रयास करने के साथ उन्होंने सभी विभागों को प्रत्येक माह की 10 तारीख तक विभागीय बैठकों की कार्यवाई रिपोर्ट अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने को कहा। प्रदेश की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में 5 अगस्त से पूर्व सभी विभागों को अपनी गतिविधियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध करानी होगी। साथ ही उन्होंने जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने जिला स्तरीय समितियों की नियमित बैठकें आयोजित करने कहा। बैठक में जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान-गंडई अविनाश ठाकुर सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# दुकानों का मामला गरमाया कोर्ट के आदेश का उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत गंडई में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित चार दुकानों का आबंटन नहीं करने का मामला अब तूल पकड़ रहा है। पार्षद दिलीप ओगरे ने अनुसूचित जाति विकास विभाग प्राधिकरण आयोग रायपुर को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि नगर पंचायत जानबूझकर उच्च न्यायालय बिलासपुर के आदेशों का उल्लंघन कर रही है, जिससे इस वर्ग के शिक्षित बेरोजगारों के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने उक्त आवेदन को आयोग के उपाध्यक्ष खुशवंत साहब को सौंपा है।

पत्र के अनुसार चार दुकानों का निर्माण 1987-88 में हुआ था। 1992 में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों ने आवेदन शुल्क के साथ दुकान के लिए आवेदन दिया था, लेकिन आबंटन नहीं किया गया। पार्षद ओगरे ने आरोप लगाया कि नगर पंचायत अध्यक्ष और सीएमओ ने आवेदन नहीं आने का बहाना बनाकर अपने रिश्तेदारों और दोस्तों को दुकानें आवंटित कर दिया। इस संबंध में जितेंद्र बंजारे ने उच्च न्यायालय बिलासपुर में एक याचिका दायर किया था। न्यायालय ने 25 अप्रैल 2018 को आदेश दिया था कि अन्य वर्गों को आबंटित दुकानों को खाली कराकर अनुसूचित जाति वर्ग को आबंटित किया जाए।

### कोर्ट के आदेश पर अमल नहीं

उच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश के बाद भी अब तक दुकानों का आवंटन नहीं किया गया है। पार्षद ओगरे का कहना है कि नगर पंचायत द्वारा कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि सुशासन तिहार में भी आवेदन दिया था, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। श्री ओगरे ने प्राधिकरण से अपील की है कि वह इस मामले पर विचार करें और अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों को न्याय दिलाते हुए दुकानों को आबंटित करने का आदेश पारित कराएं।

# टिकरीपारा मार्ग बेहाल, पानी भरने से चलना हुआ मुश्किल



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

गंडई नगर के टिकरीपारा जाने वाले मार्ग का हाल बेहाल है। इस मार्ग से छोटी बड़ी गाड़ियों सहित पैदल चलना मुश्किल हो गया है। इस मार्ग से होकर टिकरीपारा सहित ग्राम पंचायत भुरभुसी, गोकना, बागुर, मजगांव, पथर्रा, छिराहीडीह सहित अन्य ग्रामों से हर दिन लोग बड़ी संख्या में गंडई आना जाना करते है। मुख्य मार्ग होने के बाद भी मरम्मत को लेकर कोई भी ध्यान नहीं दे रहा है जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। बता दे कि उक्त मार्ग में जगह,जगह गड्ढे हो गए है। गड्डों की साइज और मात्रा इतनी अधिक है कि 200 मीटर की दूरी लोगों को 2 किलोमीटर का एहसास कराती है। इस मार्ग पर चलना और तकलीफदायक तब हो जाता है जब इसमे बरसात का पानी जमा हो जाता है।

### निविदा हो गई

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि मरम्मत संधारण का ठेका हुआ है। ठेकेदार को उक्त मार्ग की मरम्मत करने के लिए बोला गया है।

# प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 3 को, 1016 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में व्यापम द्वारा रविवार 3 अगस्त को प्रयोगशाला परिचारक 2025 भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में 1016 परीक्षार्थी तीन केंद्रो मे परीक्षा देंगे। परीक्षा की नोडल अधिकारी और डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे ने बताया कि परीक्षार्थियों को समय का विशेष ध्यान रखना होगा।

परीक्षा सुबह 11 से दोपहर 1.15 बजे तक एक पाली में होगी। सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से कम से कम दो घंटे पहले यानी सुबह 9 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। यह इसलिए जरूरी है ताकि उनकी ठीक से तलाशी हो सके और पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। व्यापम के नियमों के अनुसार, सुबह 10.30 बजे परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार पूरी तरह से बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### मूल पहचान पत्र जरूरी

परीक्षार्थियों को व्यापम द्वारा जारी प्रवेश पत्र की सभी पेजों का एक तरफा प्रिंट आउट लाना अनिवार्य है। प्रवेश पत्र के साथ, मूल पहचान पत्र (जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड या आधार कार्ड जिस पर फोटो हो) लाना भी ज़रूरी है इसके बिना प्रवेश नहीं मिलेगा। यदि इंटरनेट से प्राप्त प्रवेश पत्र पर फोटो नहीं है, तो अपने साथ दो रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो लेकर परीक्षा केंद्र पर जाएं। परीक्षा कक्ष में किसी भी प्रकार के संचार उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, इलेक्ट्रॉनिक घड़ी, पर्स, पाउच, स्कार्फ, बेल्ट या टोपी जैसे अन्य सामान लाना पूर्णतः वर्जित है। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर सारी आवश्यक तैयारियां पूरी हो गई हैं। उन्होंने सभी परीक्षार्थियों से व्यापम के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है।

### ड्रेस कोड का पालन करें, आधी बांह के कपड़े और चप्पल अनिवार्य

परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए ड्रेस कोड भी निर्धारित किया गया है। उन्हें हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर आना होगा। फुटवियर के रूप में केवल चप्पल पहनने की अनुमति होगी। सुरक्षा कारणों से कान में किसी भी प्रकार का आभूषण पहनना पूरी तरह से वर्जित है। इन निर्देशों का पालन न करने पर परीक्षा केंद्र में प्रवेश से रोका जा सकता है। रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज, पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी स्कूल और स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कन्या शाला खैरागढ़ को केंद्र बनाया गया हैं। परीक्षा में केवल काले या नीले बाल पॉइंट पेन का उपयोग किया जाएगा।

### जिपं सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, खादी एवं ग्रामोद्योग की योजना तथा अन्य शासकीय योजनाओं के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में विभिन्न विभागों के आय-व्यय का एवं पूर्व बैठकों के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया एवं अनुमोदन किया गया। बैठक में जिला पंचायत-सामान्य प्रशासन समिति के सदस्यगण एवं जिला पंचायत के स्थायी समिति के सभापति प्रशांत कोड़ापे, देवकुमारी साहू, किरण बारले, बीरम मंडावी, अनीता मंडावी, गोपाल सिंह भुआर्य, जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, उप-संचालक पंचायत देवेंद्र कुमार कौशिक, लेखा अधिकारी जिला पंचायत राजेश कुमार तिवारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पैलीमेटा में पौधरोपण



**गंडई पंडरिया।** मानव धर्म संस्था पैलीमेटा ने ग्राम में वृहद पौधरोपण किया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मानव धर्म सेवा संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने ग्राम के विभिन्न हिस्सों में पौधों का रोपण किया। इस दौरान समिति द्वारा बताया गया कि समिति का उद्देश्य अंधश्रद्धा और बुरे व्यवसनो से लोगो को मुक्ति दिलाना है। उनका मकसद शराब ,जुआ सट्टा, चोरी की लत छुड़ाना है। इस दौरान अध्यक्ष रोषण पाल, सचिव संतोष साहू, सरपंच कुमार पाल, विष्णु पटेल, फागुराम साहू, अर्जुन पटेल, बोधीराम साहू, राजेश साहू, पुरवेश पटेल, कान्तु साहु, झगलु साहु, राधेलाल यादव, नरेश मंडावी, उमेश वर्मा, जनपद सदस्य कांशीराम पोर्ते, दुजेराम वर्मा, कनशाराम पोर्ते, मोहन नेताम, भुनेश्वर सेन, राजू जंघेल, देवलाल साहू, बल्लू वर्मा, बंशी रजक, अनुज साहू, मुकचंद नायक, शंकर यादव, खेमलाल यादव, ढेलू सिन्हा, मोगू नायक, दिलीप यादव, नोहर वर्मा, मोहित वर्मा, नरेश कुंभकार, बोधन जंघेल आदि मौजूद थे।

# दो दिवसीय जनजातीय गौरव राष्ट्रीय संगोष्ठी विवि में आज से

- संगोष्ठी में राष्ट्रीय स्तर के वक्तागण होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग एवं भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के सहयोग से 1 एवं 2 अगस्त को दो दिवसीय जनजातीय गौरव राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय उक्त संगोष्ठी कार्यक्रम में दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ एवं पश्चिम बंगाल से राष्ट्रीय स्तर के वक्तागण शामिल होंगे। संगोष्ठी के प्रथम दिन उद्घाटन समारोह का आयोजन विश्वविद्यालय के कैम्पस-1 स्थित ऐतिहासिक दरबार हॉल में प्रातः 10 बजे से होगा। मुख्य अतिथि के रूप प्रमुख सचिव, जनजातीय विभाग सोनमणि बोरा शामिल होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा करेंगी। सम्मानित अतिथि के रूप में वैभव सुरंगे अखिल भारतीय युवा प्रमुख, वनवासी कल्याण आश्रम उपस्थित होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.डॉ. मृदुला शुक्ल अधिष्ठाता कला संकाय उपस्थित होंगी। प्रथम दिवसीय वक्ताओं के उद्बोधन पश्चात लोक संगीत विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपशिखा पटेल के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जायेगी। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस 2 अगस्त को समापन समारोह का आयोजन कैम्पस-1 स्थित दरबार हॉल में शाम 4 बजे से होगा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो.डॉ. मनीष श्रीवास्तव अंग्रेजी एवं विदेशी भाषा विभाग गुरू घासीदास विश्वविद्यालय बिलासपुर उपस्थित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो.(डॉ.) कुलपति करेंगी। सम्मानित अतिथि के रूप में डॉ.एसपी प्रसाद जामिया मिलीया इस्लामिया, नई दिल्ली उपस्थित होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो.डॉ. मृदुला शुक्ल अधिष्ठाता कला संकाय उपस्थित होंगी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. कौस्तुभ रंजन, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी विभाग तथा प्रभारी कुलसचिव डॉ. सौमित्र तिवारी होंगे।

# वाहन पार्किंग स्थल का अभाव, व्यापारी परेशान



**गंडई पंडरिया।** गंडई नगर में पार्किंग के लिए किसी खास जगह का चयन नहीं किया गया है या यूं कहे कि गंडई नगर में पार्किंग स्थल ही नहीं है जिसके कारण वाहन मालिक अपने वाहनों को दुकानों, थाने के सामने या बस स्टैंड के पास मर्जी से पार्क कर देते है जिससे व्यापारियो सहित आम जनता को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उल्लेखनीय है कि बीते कुछ महीनों में गंडई नगर में ई रिक्शा का संख्या में बेतहाशा वृद्धि हुई है जिन्हे पार्क करने के लिए भी नगर में कोई जगह तय नहीं है जिसके कारण अव्यवस्था का आलम है। गंडई नगर के अधिकतर व्यापारियों का कहना है कि गंडई में वाहन पार्किंग के लिए भी जगह तय किया जाना चाहिए ताकि यातायात, व्यापार सुगम हो सके।

### मार्केट बाहर जाएगा, तभी व्यवस्था सुधरेगी

मुख्य नगर पंचायत अधिकारी अविनाश देवांगन ने बताया कि पार्किंग के लिए जगह ही नहीं है। मार्केट शहर से बाहर जाएगा तभी व्यवस्था बन पाएगी। कोई भी व्यापारी वर्तमान जगह छोड़कर जाने तैयार नही है। जिसके कारण नगर के व्यापार का फैलाव नहीं हो पा रहा है।

# विदाई नहीं योगदान को श्रद्धा से स्वीकार करने का दिन

**खैरागढ़।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट कन्या विद्यालय में शुक्रवार एक भावुक वातावरण के बीच तीन वरिष्ठ शिक्षिकाओं को सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। सालों तक निष्ठापूर्वक सेवा देने वाली वरिष्ठ व्याख्याता तारा सिंह, व्याख्याता शीला सिंह और पूर्व माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका सीता शुक्ला को संस्था द्वारा शॉल, श्रीफल व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि एवं भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के जिला उपाध्यक्ष भागवत शरण सिंह ने कहा कि शिक्षक केवल कक्षा में शिक्षा देने तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे समाज के मूल निर्माता होते हैं। उनकी भूमिका सेवानिवृत्ति के बाद और भी व्यापक हो सकती है। वे समाज को दिशा देने, मूल्यों को संप्रेषित करने और नागरिक चेतना को जागृत करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आज का समाज अधिकारों के प्रति सजग हो गया है लेकिन अपने कर्तव्यों के प्रति उतनी ही जागरूकता जरूरी है। ऐसे में शिक्षकों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है।

इस दौरान बीआरसी सुजीत सिंह चौहान, कन्हैया पटेल, विभाष पाठक, गुंजन सिंह, गिरवर कोसरे, विनीता सिंह, स्पृहा सिंह, नेहा सिंह, रेशु कुमार साहू, राजकुमार, किशोर यादव, खुम वर्मा, तृप्ति दसारिया, उत्तरा साहू, सरोज बाला साहू, करण साहू, रिया जैन, नलिनी साहू, आशीष वर्मा, सीमा वर्मा, रजनी कश्यप, प्रशांत नेताम, ललित पात्रे, पुष्पेंद्र साहू, सुधीर मिश्रा, प्रदीप ठाकुर सहित अंग्रेजी माध्यम के मेधा उपाध्याय, निलय दास, प्रज्ञा, आशीष, अमीषा, देवांगन, मनोज पटेल, प्रांजल, अनुज राव, रश्मि नेताम, प्रियंका साहू, अंकिता ठाकुर व अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम संचालन दुर्गेश चंद्र वर्मा और केशव साहू ने किया। अंत में वरिष्ठ व्याख्याता कुणाल टंडन ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह क्षण केवल विदाई का नहीं, बल्कि योगदान को श्रद्धा से स्वीकार करने का है।



### जुड़ाव अंतिम समय तक

विद्यालय प्राचार्य डॉ. कमलेश्वर सिंह ने तीनों शिक्षिकाओं के सेवाकाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने न केवल शैक्षिक कार्यों में योगदान दिया बल्कि अनुशासन, स्नेह, नैतिकता और सेवा भाव से छात्र छात्राओ के जीवन को आकार भी दिया। सेनि हो रही व्याख्याता शीला सिंह ने भावुक स्वर में कहा कि हम भले सेवा निवृत्त हो रहे हैं लेकिन शिक्षा और समाज सेवा से हमारा जुड़ाव कभी समाप्त नहीं होगा। यह विद्यालय हमारे जीवन का अहम हिस्सा रहा है और आगे भी इसके सुदृढ़ीकरण में हम अपना योगदान देते रहेंगे।

अशोका आई.टी.आई.
ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
स्टेनो 10 वीं पास 1 वर्षीय कोर्स
इलेक्ट्रीशियन 10 वीं पास | 2 वर्षीय कोर्स
8319493983, 8602502398, 7000629783
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास,जी.ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | ashokaiti2019@gmail.com

## सार समाचार



राजनांदगांव। संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर श्री रामायण प्रचारक समिति ब्राम्हणपारा द्वारा शहर में भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्रा निकाली गई।

### रंगमंच निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत कोटराभांठा में रंगमंच निर्माण कार्य का



भूमिपूजन क्षेत्र क्रमांक 4 के जिला पंचायत सभापति देवकुमारी साहू द्वारा किया गया। इस दौरान सरपंच डॉन कुमार साहू एवं पंचगण व गांव के गणमान्य नागरिक व भाजपा के बूथ अध्यक्ष मुकेश कुमार नेताम शामिल हुए। सभापति देवकुमारी साहू ने इस मौके पर पंचायत परिवार को बधाई दी।

### धूमधाम से मना नागपंचमी पर्व

**राजनांदगांव।** जय भवानी व्यायाम शाला में इस वर्ष भी नागपंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर व्यायाम शाला में ईस्ट देव हनुमानजी समेत व्यायाम शाला की मिट्टी का गोदा व उपकरणों, मशीनों वेटलिफ्टिंग सेट की



पूजा-अर्चना व्यायाम शाला के संचालक अमित आजमानी द्वारा किया गया। अतिथि के रूप में डोमन महोबिया, बब्ला यादव, अजय श्रीवास्तव, विवेक रंजन सोनी, अमित आजमानी, शेख वसीन, अरूण गुप्ता शामिल थे। व्यायामशाला के वेटलिफ्टिर व बॉडी बिल्डर खिलाड़ियों का प्रदर्शन किया जाता है।

प्रदर्शन करने वाले वेटलिफ्टर व बॉडीबिल्डर व कोच को व्यायाम शाला द्वारा गिफ्ट देकर सम्मान दिया जाता है। इस अवसर पर निरज शुक्ला, अशोक श्रीवास, दीपक ठाकुर, मनोज यादव, नाहिद अखतर, चोवाराम सोनकर, गणेश साहू, नोमेंद्र यादव, भावेश, रूपेश यादव, वेकंट रमन साहू, गोलू यादव, अजय कुलदीप, विष्णु यादव, वैभव देवांगन, मौलेश यादव, जैयंत मंड़ावी, प्रीतम देवागंन आदि उपस्थित रहे। नागपंचमी पर्व पर वेटलिफ्टर खिलाड़ी वेट उठाकर व बॉडी बिल्डर खिलाड़ी अपने शरीर के मांसपेशियों का प्रदर्शन किया। जिसमें रोशनी वाघेला, शुभम वाघेला, गोदावरी यादव, भूमिका यादव, निलिमा साहू, किंचित सिन्हा, प्रिया यादव, अंकित श्रीवास, आतिफ खान, पीयूष यादव, वीर ठाकुर, वीरेंद्र यादव, जानेश विश्वकर्मा, लक्की सोनकर, कौसेन नवाज, संतोष साहू, लोकेश निर्मलकर, कुनाल यदु, गोपी यादव शामिल थे। उक्त जानकारी जय भवानी व्यायाम शाला के सहसचिव अशोक श्रीवास ने दी।

### हुडदंग करने वाले वारंटी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** मोहल्ले में हो-हुडदंग करने वाले दो एवं फरार चल रहे एक स्थायी वारंटी व एक गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत 31 जुलाई को पुलिस द्वारा स्थायी व



गिरफ्तारी वारंट की पतासाजी हेतु गठित किया गया था। गठित टीम द्वारा लंब अरसे से फरार चल रहे स्थायी वारंटी भूषण उइके 23 साल निवासी नंदई अखाड़ा कोठी हनुमान मंदिर के पास एवं गिरफ्तारी वारंटी अलोक यादव 22 साल निवासी नंदई चौक को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख, प्रधान आरक्षक विनोद जाटव, दीपक जायसवाल एवं आरक्षक अतहर अली, मोहसीन खान, आशीष मानिकपुरी की सराहनीय भूमिका रही है।

#### पुलिस ने की कार्रवाई

वहीं थाना क्षेत्रांतर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक सुनील यादव 32 साल निवासी राजीवनगर, सूरज भारद्वाज 25 साल निवासी क्लब चौक को गिरफ्तार कर दोनों अनावेदकों के विरूद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएसएस के तहत कार्रवाई कर अनावेदगणों को माननीय एसडीएम न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

## निधन



### शांतिबाई श्रीवास्तव

**राजनांदगांव।** श्रीमती शांतिबाई श्रीवास्तव (85) का निधन बुधवार शाम को हो गया। उनकी अंतिम यात्रा हाल निवास बजरंगपुर नवागांव वार्ड नं. 01 राजनांदगांव से 31 जुलाई को सुबह 10.30 बजे निकाली गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिवारजन एवं सामाजिकजन शामिल हुए और उन्हें श्रद्धांजलि दी। वे पत्रकार कर्णकांत श्रीवास्तव की नानी थी।



### जीवनलाल चंद्राकर

**राजनांदगांव।** गिरधारी नगर दुर्ग निवासी सेवानिवृत्ति पोस्टमैन जीवनलाल चंद्राकर का आकस्मिक निधन 75 वर्ष की उम्र में 30 जुलाई को हो गया। उनका अंतिम संस्कार 31 जुलाई को हरनाबांधा मुक्तिधाम में की गई। वह स्वर्गीय भुवनलाल चंद्राकर, पूरनलाल चंद्राकर, तोरणलाल चंद्राकार, किशनलाल चंद्राकार के भाई, देवेंद्र चंद्राकर, मनोज चंद्राकर, रामानुज चंद्राकर के पिता एवं सुनील व संजय चंद्राकर के चाचा तथा जयप्रकाश, ओमप्रकाश, दीपक चंद्राकर के बड़े पापा थे।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025

# खेल में अनुशासन और नियम महत्वपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 2 स्तरीय आयोजन का शुभारंभ गुरुवार को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव शामिल हुई।

जिपं अध्यक्ष किरण वैष्णव ने कहा कि खेल में अनुशासन और नियम बहुत महत्वपूर्ण होता है। अनुशासन और नियम के साथ लक्ष्य बनाकर खेलना चाहिए। अनुशासन ही व्यक्ति का व्यक्तित्व निखारता है। उन्होंने खिलाड़ियों को अनुशासन और नियम का पालन करते खेल में हिस्सा लेने कहा।

उन्होंने कहा कि खेल में दो पहलू होते हैं हार और जीत, लेकिन हार होने पर निराश नहीं होना चाहिए, मेहनत हमेशा करने के लिए कहा। मेहनत करने से निश्चित रूप से सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि अच्छा संघर्ष करेंगे तो परिणाम भी बहुत अच्छा आएगा। उन्होंने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते कहा कि टीम स्पर्धाओं में प्रत्येक खिलाड़ी की जिम्मेदारी होती है कि वे अपनी टीम को विजयी बनाएं। उसी तरह एकल खेल प्रतियोगिता में स्वयं को जीतना होता है। उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में हार और जीत के लिए एक-एक सेकंड बहुत महत्वपूर्ण होता है। लक्ष्य एवं उद्देश्य बनाकर खेल में प्रथम स्थान के लिए खेलना चाहिए। सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारित करने कहा। कार्यक्रम में पार्षद अमृता सिन्हा, जनप्रतिनिधि रविन्द्र वैष्णव, डिप्टी कलेक्टर मनोज मरकाम, डिप्टी कलेक्टर अमीय श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में खिलाड़ी उपस्थित थे।

#### मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 2 स्तरीय आयोजन का शुभारंभ



#### नशे से रहे दूर

जिपं अध्यक्ष श्रीमती वैष्णव ने स्कूली खिलाड़ियों को नशापान से दूर रहने कहा। उन्होंने कहा कि नशापान से दूर रहेंगे तो निश्चित ही अपने जीवन में अच्छा कार्य करेंगे और अच्छा व्यक्ति बनेंगे। उन्होंने कहा कि खेल के साथ शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा का लाभ हर समय और हर क्षण मिलता है। शिक्षा हमेशा साथ देती है। उन्होंने बच्चों को तेज गति से वाहन नहीं चलाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निर्धारित आयु के बाद ही टू-व्हीलर चलाना चाहिए।समाजसेवी कोमल सिंह राजपूत ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए शपथ दिलाई।

#### छह जिले से 517 खिलाड़ी होंगे शामिल

सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग दीक्षा गुप्ता ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 मध्य क्षेत्र संभाग क्रमांक 2 स्तरीय आयोजन के अंतर्गत दो दिवसीय खेल का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 6 जिले मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, बालोद, धमतरी, गरियाबंद, राजनांदगांव और महासमुंद के लगभग 517 खिलाड़ी शामिल होंगे। राष्ट्रीय खेल महोत्सव 2025 के अंतर्गत व्यक्तिगत स्पर्धा में तिरंदाजी, ऐथलिट, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, चेस, जिमनास्टिक, जुडो, टेनिस, शूटिंग, टेबल टेनिस, ताईक्वांडो, वेटलिफ्टिंग, फ्री स्टाइल कुश्ती, योगा की प्रतियोगिता होगी। टीम स्पर्धा में बास्केटबाल, फुटबाल, हेंडबाल, कबड्डी, खो-खो, बालीबाल खेल प्रतियोगी होगी। खेल स्पर्धाएं दिग्विजय स्टेडियम, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, स्टेट हाई स्कूल, गायत्री स्कूल, कमला कॉलेज, बजरंगपुर स्टेडियम एवं मोतीपुर अखाड़ा में प्रतियोगिताएं होगी।

## योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे : कोमल



राजनांदगांव। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में गुरुवार को भाजपा तिलई मंडल के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के लिए महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत समेत महामंत्री रविन्द्र वैष्णव व सौरभ कोठरी द्वारा भारतमाता के तैलचित्र में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। अतिथियों का स्वागत भगवा गमछा और फूलमाला पहनाकर किया गया। मंडल अध्यक्ष परदेशी स्वागत उद्बोधन दिया।

मुख्य वक्ता कोमल सिंह राजपूत ने पदाधिकारियों का परिचय प्राप्त कर कहा कि पार्टी के विचार एवं केंद्र व राज्य के सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को बूथ स्तर तक लेकर जाना है और सभी बूथ में जीत सुनिश्चित करना है। इसी भाव के साथ हम सबको एक साथ मिलकर कम करना है। इस अवसर पर मूलचंद भंसाली, अनिता सिन्हा, साकेत वैष्णव, मंजू चंदेल, ललिता साहू, राकेश साहू, यशवंत वर्मा, शेखर यद्दु, नंदनी सेवता, टीका साहू, हेमंत लहरे, ईश्वर साहू, सुनंदा मैथिलक्षत्री, शशिकला बंजारे, उमाशंकर साहू, डीगेंद्र सिन्हा, संजय साहू, भाजपा मंडल के पदाधिकारीगण व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# वीणा सिंह ने दी अलका को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र व्यास की धर्मपत्नी और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कृष्ण भक्ति गायिका श्रीमती अलका व्यास को श्रद्धांजलि अर्पित करने सोमवार रात्रि को पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती वीणा सिंह उनके निवास लालबाग हाउसिंग बोर्ड पहुंची।



उन्होंने श्रीमती अलका व्यास के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिजनों को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर श्रीमती सिंह ने कहा कि श्रीमती अलका व्यास द्वारा प्रस्तुत कृष्ण भक्ति भजन अत्यंत मधुर और हृदय को स्पर्श करने वाले होते थे। उनके निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। इस क्षति की पूर्ति संभव नहीं है।

श्रद्धांजलि सभा में वरिष्ठ पत्रकार राजेन्द्र व्यास, सुपुत्र अंकित व्यास एवं पूजा व्यास, पौत्र विश्लेष व्यास, देवर विजय व्यास, राजकुमारी व्यास सहित परिजन उपस्थित रहे। गौरतलब है कि 11 जुलाई को अलका व्यास का आकस्मिक निधन हो गया था। जिनका सामाजिक और सांस्कृतिक जगत में विशेष योगदान रहा है।

# कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव अमित जिंदल ने 27 जुलाई को अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास राजनांदगांव में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में बताया कि भारतीय न्याय संहिता 2023 में महिलाओं के साथ अपराध न हो, इसके लिए भी विशेष प्रावधान किए गए हैं। धारा 85 में किसी महिला के साथ पति या पति के नातेदारो द्वारा क्रूरता दंडनीय अपराध है। धारा 87 में किसी आयु की महिला का व्यपहरण या अपहरण उसकी इच्छा के विरूद्ध किसी अन्य व्यक्ति से उसे विवाह करने के लिए विवश करने के आशय से करना अपराध है। इसी क्रम में यह भी ध्यान देने योग्य है कि यदि किसी व्यक्ति का



व्यपहरण या अपहरण उसे घोर उपहति या अयुक्त काम वासना के लिए किया जाए तो उक्त कृत्य धारा 140 (4) के तहत अपराध है। धारा 79 में महिला की उपस्थिति में इशारेबाजी करना, सिटी बजाना आदि अपराध है। श्री जिंदल ने बताया कि वर्तमान में बीएनएस 2023 में एसिड अटैक को रोकने के लिए प्रावधान सख्त किया गया है। यदि किसी व्यक्ति पर एसिड फेंककर या उसे एसिड देकर उसे शारीरिक चोंट पहुंचाई जाती है तो ऐसे में बीएनएस 2023 की धारा 124 (1) के तहत अपराधी को कम से कम 10 साल की सजा होगी और जुर्माना पीड़ित को दिया जाएगा। श्री जिंदल ने अन्य उपयोगी बातें भी बताई।

# सुन्नी मुस्लिम मनिहार सोसायटी का सदस्यता अभियान आज से

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सुन्नी मुस्लिम मनिहार बिरादरी वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव 14 सितंबर को राजनांदगांव में आयोजित होगा। जिसके लिए सदस्यता अभियान चलाए जाने की शुरूआत एक अगस्त से होगी। चुनाव समिति के संयोजक शकील अहमद ने बताया कि यह मुस्लिम मनिहार (लखेर) बिरादरी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव है, जिसे निष्पक्ष गुप्त मतदान द्वारा कराया जाएगा। जिसके लिए 9 लोगों की चुनाव समिति बना ली गई है। जिसमें शकील अहमद के अलावा हाजी वसीम अहमद जगदलपुर, हाजी प्रोफेसर आरिफ दुर्ग, शेख अलीम बिलासपुर, मो.नईम एडवोकेट रायपुर, मो.शफी राजिम, मो.हफीज वारसी राजनांदगांव, अनीश मनिहार रायपुर, मोहम्मद नौशाद बक्स महासमुंद ने चुनाव की पूरी रूपरेखा बनाई है।



#### तीन साल में होता है चुनाव

मनिहार (लखेर) बिरादरी के प्रदेश अध्यक्ष का चुनाव हर 3 साल में कराया जाता है। वर्तमान में समाज के प्रदेश अध्यक्ष हाजी रईस अहमद शकील हैं। चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ होने से सदस्यता अभियान में नए युवा मतदाता भी बड़ी संख्या में जुड़ेंगे। जिसको लेकर समाज के युवा मतदाताओं में उत्साह है।

#### चुनाव की बनी रूपरेखा

प्रदेश के शहरों में 1 से 22 अगस्त तक प्रदेश अध्यक्ष के चुनाव के लिए सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वहीं 28 अगस्त तक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 29 से 30 अगस्त तक मतदाता सूची पर दावा-आपत्ति ली जाएगी और 2 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। 3 से 7 सितंबर तक अध्यक्ष पद हेतु आवेदन प्राप्त करना व जमा करना होगा। 9 को नाम वापसी, स्कूटनी एवं चुनाव चिन्ह का आबंटन रायपुर में किया जाएगा। वहीं 14 सितंबर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 तक मतदान की प्रक्रिया राजनांदगांव में होगी और मतगणना शाम 4 से प्रारंभ की जाएगी।

हरिभूमि माह जुलाई 2025 का मासिक बिल

| दिन | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 31 दिन | 5.00 | 155.00 |
| | कुल | 155.00 |

हरिभूमि के सुधि पाठक जुलाई 2025 का अखबार बिल अपने एजेंट के पास 06 तारीख तक जमा कर सहयोग करें।
व्यवस्थापक

प्राचार्य की आवश्यकता
सरदार पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल कुंडा (पंडरिया)
हमारे प्रतिष्ठित विद्यालय में प्राचार्य पद हेतु अनुभवी एवं योग्य शिक्षक/शिक्षिकाओं की आवश्यकता है।
हायर सेकेण्डरी स्तर के अनुभवियों को प्राथमिकता दी जाएगी।
शैक्षणिक नेतृत्व व अनुशासन में दक्षता आवश्यक।
अवसर का लाभ उठाएं और शिक्षा के क्षेत्र में नेतृत्व करें।
9074799999, 9713149000
स्थान : सरदार पब्लिक हायर सेकेण्डरी स्कूल कुंडा, तहसील कुंडा पंडरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

# मेगा शिविर में पहुंचे 412 वाहनों में 120 का पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज द्वारा परिवहन विभाग के सहयोग से व्यापारियों एवं आम जनता के लिए नए सिस्टम की हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने सिंधु भवन लालबाग में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो लोगों ने रजिस्ट्रेशन का आवेदन किया और सुविधा का लाभ लिया। शिविर का उद्घाटन चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश संरक्षक खूबचंद पारख एवं पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ मार्गदर्शक अर्जुनदास पंजवानी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने किया। इस अवसर पर परिवहन विभाग अधिकारी आनंद शर्मा उपस्थित थे।

वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख ने कहा कि केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी की दूरगामी सोच के कारण हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट सिस्टम देशभर में लगाए जा रहे हैं। पूरी व्यवस्था व्यवस्थित होने के बाद एक ओर जहां गाड़ियों की चोरी में कमी आएगी। श्री पारख ने पूज्य सिंधी पंचायत के सहयोग के प्रति विशेष रूप से आभार व्यक्त किया और समाज की प्रशंसा भी की। भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह



राजपूत ने यातायात विभाग एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के इस अभियान की प्रशंसा की। पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी एवं परिवहन प्रभारी आरटीओ आनंद शर्मा ने भी लोगों को संबोधित किया। आयोजन को सफल बनाने में चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव भी उपस्थित रही।

कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डड्ढा एवं आभार प्रदर्शन अमर लालवानी ने किया।

#### एक दिन और बढ़ाया गया शिविर

वरिष्ठ सलाहकार अर्जुनदास पंजवानी एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि आज 412 लोगों ने सिंधु भवन पहुंचकर शिविर का लाभ उठाया, परंतु कुछ लोगों का रजिस्ट्रेशन शेष है, इसलिए इस शिविर को कल भी सिंधु भवन में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है। जिसमें शहर के सभी व्यापारीगण इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

#### शेष लोगों का होगा रजिस्ट्रेशन

चेम्बर ऑफ कामर्स के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद एवं महामंत्री अरूण डुलानी तथा हरीश मोटलानी ने बताया कि शासन के नए आदेशों के तहत 1 अप्रैल 2019 से पूर्व पंजीकृत सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगाना अनिवार्य किया गया है। जिसके तहत आज 412 गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन किया गया। सर्वर डाउन होने के कारण 120 लोगों का रजिस्ट्रेशन संभव हो पाया। शेष लोगों का रजिस्ट्रेशन कल सिंधु भवन में होगा।




(NABH से मान्यता प्राप्त) सुयश हॉस्पिटल
ट्रॉमा केयर यूनिट
- पॉली ट्रॉमा
- मिनिमली इन्वेसिव ट्रॉमा सर्जरी
- कूल्हे एवं कमर के फ्रेक्चर
- पुराने ना जुड़े/टेढ़े-मेढ़े जुड़े फ्रेक्चर
- हड्डियों से मवाद रिसना
- ICU एवं क्रिटिकल केयर टीम की सेवा सहित

24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371



## मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री की मंशा को जिले में कलेक्टर दे रहे मूर्त रूप

# गांव में ही होगा राजस्व समाधान तकनीक से जुड़ रहा प्रशासन: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की मंशा को साकार करते हुए कबीरधाम जिला प्रशासन द्वारा प्रदेश में पहली बार 24 राजस्व निरीक्षक सर्किलों में विशेष राजस्व समाधान शिविरों की अभिनव शुरुआत की गई है। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशन में 23 जुलाई से 29 अगस्त तक यह शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य वनांचल एवं दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शी, त्वरित और सुलभ राजस्व सेवा उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में 31 जुलाई को सहसपुर लोहारा विकासखंड के मंगल भवन में आयोजित राजस्व समाधान शिविर का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने उपस्थित आवेदकों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली और निराकरण की प्रक्रिया का जायजा लिया।

शिविर में कुल 84 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 82 का त्वरित निराकरण मौके पर ही कर दिया गया। इन आवेदनों में नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, अभिलेख सुधार, नक्शा बटांकन, आय-जाति एवं निवास प्रमाण पत्र जैसी समस्याएं शामिल थी। जिनमें से अधिकांश का समाधान ग्रामीणों की उपस्थिति में किया गया। शिविर के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य परदेशी पटेल, लालाराम, अपर कलेक्टर विनय पोयम, बोड़ला एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ शिव साहू, राजस्व निरीक्षक, पटवारी सहित संबंधित ग्रामों के किसान, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि हमारा उद्देश्य ग्रामीणों को उनके ही गांव में राजस्व से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराना है। राजस्व समाधान रथ इस लक्ष्य की पूर्ति का प्रभावशाली माध्यम बन रहा है, जो आधुनिक तकनीकी संसाधनों जैसे कंप्यूटर, प्रिंटर, फोटोकॉपी मशीन तथा प्रशिक्षित कर्मचारियों से सुसज्जित है। यह रथ लोक सेवा केंद्र से लिंक रहेगा, जिससे नामांतरण, नक्शा, खसरा, गिरदावरी जैसे प्रकरणों का त्वरित निराकरण एवं एग्रीस्टैक पंजीयन भी संभव हो सकेगा। उन्होंने आगे बताया कि राजस्व समाधान शिविरों में आधार कार्ड निर्माण, प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत बैंक खाता खोलने, प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना, आयुष्मान कार्ड निर्माण, किसानों का एग्रीस्टैक में पंजीयन, विद्यार्थियों के लिए आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य भी शिविर में किए जा रहे हैं। शिविर स्थलों पर कोटवारों के माध्यम से मुनादी कर ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी जा रही है ताकि वे अधिक से अधिक संख्या में लाभान्वित हो सकें।

### ग्रामीणों को त्वरित और पारदर्शी सेवा देने की दिशा में कारगर कदम




इन शिविरों के माध्यम से विवादित एवं अविवादित नामांतरण, सीमांकन, नक्शा बटांकन, अशुद्धलेख सुधार, बी-1 पठन, किसान किताब वितरण, भू-अर्जन, फसल और जनहानि संबंधी प्रकरण आरबीसी 6-4 व्यपवर्तन, धारा 115 के आवेदन, आधार सीडिंग, मोबाइल लिंकिंग, जेंडर प्रविष्टि तथा कोटवारी भूमि विक्रय जैसे विषयों पर भी समाधान किया जा रहा है। साथ ही प्रमाण पत्रों का मौके पर निर्माण कर वितरण भी किया जा रहा है, जिससे शिविरों की उपयोगिता और प्रभावशीलता दोनों ही ग्रामीणों के लिए प्रत्यक्ष रूप से अनुभव की जा रही है। राजस्व समाधान शिविरों का आयोजन जिले के 24 स्थानों पर किया जा रहा है, जिनमें 1 अगस्त को सिल्हाटी, 4 को बिरेंद्रनगर, 5 को ठाठापुर, 6 को बाजार चारभाठा, 7 को समनापुर, 8 को पिपरिया, 11 को नेवारी, 12 को मरका, 13 को दशरंगपुर, 18 को छिरहा, 19 को कुंडा, 20 को दामापुर, 21 को मोहगांव, 22 को कुकदूर, 25 को कोदवा-गोड़ान, 27 को पंडरिया व 28 को बाद्यामुड़ा तथा 29 को रमतला में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों की नियमित मॉनीटरिंग करते हुए राजस्व समाधान रथ की दक्षता को बनाए रखें और अधिक से अधिक ग्रामीणों को इसका लाभ देने के लिए समन्वित प्रयास करें।



# गोस्वामी तुलसीदास व उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में गोस्वामी तुलसीदास एवं उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की जयंती सद्भावना मंच के अंतर्गत मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा द्वारा गोस्वामी तुलसीदास एवं मुंशी प्रेमचंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया।

कार्यक्रम में एमए हिंदी तृतीय सेमेस्टर के छात्र आशीष श्रीवास्तव ने मुंशी प्रेमचंद को समाज का यथार्थवादी लेखक बताते हुए उनके साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डाला। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ अनिल शर्मा ने तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनकी कृति श्रीराम चरित मानस को वर्तमान समाज के लिए अत्यंत प्रेरणादायक बताया। हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष नरेंद्र कुमार कुलमित्र ने मुंशी प्रेमचंद की कृतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका साहित्य भारतीय समाज का सजीव प्रतिबिंब प्रस्तुत करता है। साथ ही उन्होंने श्रीराम चरित मानस को मानवीय मूल्यों की रक्षा करने वाली एवं धार्मिक गौरव को बढ़ाने वाली कृति बताया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य डॉ ऋचा मिश्रा ने अपने वक्तव्य में मुंशी प्रेमचंद एवं गोस्वामी तुलसीदास की कृतियों को सामाजिक उत्थान के लिए आवश्यक बताया तथा उनके साहित्य में निहित उद्देश्यों को आत्मसात करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे समाज प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सके। इस कार्यक्रम में प्राध्यापक दीपक देवांगन, मुकेश कांमले, संतोष साहू, डॉ कविता कन्नौजे, आकांक्षा वर्मा, डॉ जय मेहरा, संतोष डहरिया, भानुप्रताप सिंह, डॉ राकेश चंदेल, कृष्णा बंजारे, डॉ सीमा मांडावी सहित कार्यालयीन कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार भारद्वाज द्वारा एवं आभार प्रदर्शन रवि यादव द्वारा किया गया।

# कांग्रेस कमेटी कुंडा प्रभारी के अध्यक्षता में विशेष बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आदेश में पार्टी के मजबूती के लिए कुंडा प्रभारी अगम दास अनंत के अध्यक्षता में विशेष बैठक लिया गया। जिसमें काफी जनसंख्या में कांग्रेस कमेटी कुंडा के कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिसमें प्रभारी द्वारा बुथ से लेकर सेक्टर जोन के कार्यकर्ताओं के साथ विशेष बैठक लिया गया एवं प्रभारी द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ एक-दूसरे का राय लेकर कांग्रेस पार्टी के मजबूती के लिए आगामी छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के मुख्यमंत्री बनने के लिए अभी से हाथ से हाथ कंधे से कंधे मिलाकर काम करने के लिए कार्यकर्ताओं का हौसला बुलंद किया गया एवं प्रभारी द्वारा एक-दूसरे का राय लेकर बूथ प्रभारी सेक्टर प्रभारी जोन प्रभारी का नियुक्ति किया जाएगा, जिसके लिए आज कांग्रेस कमेटी कुंडा में विशेष बैठक लिया गया और आगे की रणनीति के बारे में विशेष चर्चा किया गया, जिसमें काफी जनसंख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे हुए थे। जिसमें कांग्रेस कमेटी कुंडा के उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ता कुंडा कांग्रेस कमेटी के प्रभारी अगम दास अनंत कांग्रेस कमेटी कुंडा अध्यक्ष उत्तरा दिवाकर, जिला महामंत्री हरचरण सिंह खनूजा, उत्तर चंद्राकर, पवन शर्मा, बलदाऊ साहू, श्रीमती आरती सुमन, श्रीमती प्रीति ठाकुर, भरत साहू, रामावतार सिंगरौल, शिव सिंह चौहान, होरीलाल सिंगरौल, भुवनेश्वर निर्मलकर, गौतम साहू, सनत चंद्राकर, हेमंत सिंगरौल, रामखेलावन, यासीन खान, लाला चंद्रवंशी, रोमी खनूजा, हेमू साहू, राजेश चंद्रवंशी, दिनेश पाण्डेय, साधेराम अनंत, प्रशांत खांडे, ऋषि बद्री खांडे, अंशु साहू, ओमकार साहू, लखन सिंगरौल, शुभम साहू, शैलेश दिवाकर, भागवत ध्रुव, मनोज भास्कर, परवाना सहित अधिक जनसंख्या कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# अमित सिंह राजपूत का अंतर्राष्ट्रीय सूचना प्रोद्योगिकी संस्थान हैदराबाद के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखण्ड सहसपुर अंतर्गत ग्राम उलट के प्रगतिशील किसान नेता युवा समाज सेवक जलेश्वर सिंह राजपूत के सुपुत्र अमित सिंह राजपूत का ट्रिपल आईटी हैदराबाद में चयन हुआ। ग्राम उलट निवासी जलेश्वर सिंह राजपूत की सुपुत्र अमित सिंह नवोदय विद्यालय बेमेतरा में सलेक्शन होकर कक्षा दसवीं से दक्षिणा में परीक्षा दिलाकर, सेन्ट्रल गौरमेंन्ट अवंती फाउंडेशन में सलेक्शन होकर, इंदौर बड़वानी ओझर नवोदय विद्यालय फ्री दो वर्षों तक जेई मेन्स कोचिग कर साथ में कक्षा 11वी, 12 वी का भी पढ़ाई किया, वर्ष 2025 जेई मेन्स में 98.85 अंक प्राप्तकर एडवांस परीक्षा दिलाया गया। जिसमें अमित सिंह राजपूत ने 9241 ऑल इंडिया रेंक लाया गया, उसी बीच में नवोदय विद्यालय समिति द्वारा कम्प्यूटर साइंस विषय में रूचि रखने वाले बच्चों के एक और मौका परिक्षा हैदराबाद इन्टरनेशनल कॉलेज के लिए होता है, उसमें भी अमित सिंह राजपूत ने अपना स्थान प्राप्त कर, आज हैदराबाद इन्टरनेशनल कॉलेज में नवोदय विद्यालय बेमेतरा, क्षेत्रवासी, गुरू जनों, इष्ट मित्र, समाजिक एवं परिवारजनों ने खुशी का माहौल व्याप्त है। जिस पर उन्हे बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।



### कलेक्टर ने जल जीवन मिशन की प्रगति की गहन समीक्षा की, दिए निर्देश



**हरिभूमि कवर्धा।** गुरूवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जल जीवन मिशन और पेयजल व्यवस्था के संबंध में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के साथ अन्य संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने बैठक में शासन की प्राथमिकता में शामिल हर घर शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराने वाली जल जीवन मिशन के कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता डीएस राजपूत सहित सभी एसडीओं, इंजीनियर और ठेकेदार उपस्थित थे। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। वनांचल और दूरस्थ अंचलों में विशेष प्राथमिकता देते हुए शुद्ध पेयजल की सतत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नियमित रूप से कार्यों की समीक्षा करें और फील्ड विजिट कर यह सुनिश्चित करें कि सभी परियोजनाएं समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरी हों। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए जल जीवन मिशन महत्वपूर्ण योजना है। इसके अंतर्गत हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि जिले के जिन-जिन ग्रामों में जल जीवन मिशन को कार्यों की ऐजेसियां के द्वारा पूरी बताई जा रही है, ऐसे ग्रामों में ग्राम पंचायत को हैंड ओवर करें। उन्होंने कहा कि जिन ग्राम पंचायतों को हैंड ओवर कर दिया गया है उन ग्राम पंचायतों द्वारा इसके रख रखाव और संचालन के लिए कार्य करें। इसके लिए गांव के लोगों को जागरूक करें, जिससे जल जीवन मिशन का हर घर जल पहुंचने का उद्देश्य पूरा हो। बैठक में बताया गया कि जल जीवन मिशन के तहत 608 ग्रामों में 1 लाख 44 हजार 465 घरेलू नल कनेक्शनो में जल प्रदाय प्रारंभ किया जा चुका है और 295 गांवों का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होने जल आपूर्ति योजनाओं के कार्यान्वयन में आ रही जल स्रोतों की कमी, तकनीकी दिक्कतें सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल जीवन के कार्यों में जिन कारणों से दिक्कत आ रही है, उसे दूर करते हुए कार्य करे। विभाग के अधिकारी कारणों का चिन्हाकिंत करते हुए संबंधित विभाग के साथ समन्वय कर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभागों को मिलकर काम करना होगा ताकि मिशन के उद्देश्यों को समय पर पूरा किया जा सके और जनता को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ऐसे जल की कमी से प्रभावित क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए और लोगों को जागरूक करने के लिए भी अभियान चलाया जाए। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन अंतर्गत कार्यो की ग्रामवार समीक्षा की और विभागीय अधिकारियों से ग्राम वार प्रगति की पूरी जानकारी ली। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के कार्यों की विस्तृत जानकारी लेते हुए समस्त अधिकारियों कर्मचारियो को निर्देशित कर लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति प्राप्त करने के निर्देश दिए।

### 2 से 5 अगस्त तक आयोजित होगा आकांक्षा हाट मेला

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले में संपूर्णता अभियान के तहत आकांक्षा हाट मेले का आयोजन 2 से 5 अगस्त तक आचार्य पंथ श्री हकनाम साहेब बहुउद्देशीय भवन इनडोर स्टेडियम पीजी कॉलेज ग्राउंड कवर्धा में आयोजित किया जाएगा। आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के साथ स्व सहायता समूह द्वारा स्थानीय सामग्रियों से निर्मित विभिन्न आकर्षक उत्पादन, घरेलू आवश्यकताओं के सामान, छत्तीसगढ़ी व्यंजन सहित छोटे बच्चों के लिए मीना बाजार, खेलकूद सहित शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का स्टॉल लगाकर आम जनता को लाभान्वित किया जाएगा। उपरोक्त सभी कार्यक्रम भारत सरकार नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी विकासखंड योजना अंतर्गत संपूर्णता अभियान सम्मान समारोह के बैनर तले आयोजित होगा। यहां आयोजन एक मेले के रूप में संचालित होगा जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियों फ्रंटलाइन वर्करों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जिले के विकासखंड बोड़ला आकांक्षी विकासखंड योजना में सम्मिलित है जिसमें केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया है। गत वर्ष तीन माह संपूर्णता अभियान संचालित किया गया था जिसमें पूरे प्रदेश में कबीरधाम जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया है। इसी कड़ी में मेले का आयोजन राज्य शासन के निर्देश अनुसार किया जाना है जो 2 अगस्त से प्रारंभ होकर चार दिवस तक चलेगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि आकांक्षा हाट का आयोजन स्थानीय उत्पादन को बेहतर वातावरण प्रदान करते हुए आम जनता तक लाने का उत्कृष्ट अवसर है। इस दौरान विकासखंड बोडला क्षेत्र के लोगों एवं समूह द्वारा तैयार किए गए विभिन्न उत्पादक आम जनता हेतु अवलोकन एवं बिक्री के लिए उपलब्ध रहेंगे।

# नगर क्षेत्र में 26.96 लाख की लागत से होंगे सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन अरुण साव के विशेष प्रयास से मिली सीसी रोड व नाली निर्माण की स्वीकृति। नगर पालिका परिषद कवर्धा को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत कुल 26.96 लाख रुपए की प्राविधिक स्वीकृति प्राप्त हुई है। यह राशि नगर क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 6 निर्माण कार्यों हेतु स्वीकृत की गई है, जिनमें सीसी रोड और आरसीसी नाली का निर्माण शामिल है। जिसमें पवन कौशिक के घर से वानखेड़े सर के घर तक सीसी रोड निर्माण 1.41 लाख, इकबाल कौर के घर से महिलांग सर के घर तक सीसी रोड निर्माण 4.95 लाख, विमल कोसरिया के घर से तुलसी सतनामी के घर तक आरसीसी नाली निर्माण 4.27 लाख व श्रवण साहू के घर से राज तिवारी के घर तक सीसी रोड निर्माण 6.52 लाख तथा वार्ड क्रमांक 26 में गणेश कौशिक के घर से अर्जुन ठाकुर के घर तक सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु राशि 9.81 लाख रूपए वार्ड पार्षद सुनील साहू ने स्थानीय नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों ने उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव तथा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, नपाध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उनके सतत प्रयासों से कवर्धा नगर क्षेत्र में अधोसंरचना विकास को गति मिल रही है, जिससे नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं सुलभ होंगी और क्षेत्र का समुचित विकास सुनिश्चित होगा।



### लोकसभा के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर काफी चर्चा, आतंकवाद के खिलाफ सरकार प्रतिबद्ध

# ऑपरेशन सिंदूर व ऑपरेशन महादेव भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ हमारी दृढ़ता और सैन्य शक्ति का प्रतीक है: भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



लोकसभा के मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर काफी चर्चा हुईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इसे नए व आत्मनिर्भर भारत एवं भारतीय सेना के शौर्य का प्रतीक बताया। इसी कड़ी में 28 जुलाई को श्रीनगर में ऑपरेशन महादेव के तहत एक संयुक्त अभियान में भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। यह भारत के लिए एक बड़ी उपलब्धि रही और आतंकवाद के खिलाफ केंद्र की मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाया।

इस विषय पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऑपरेशन सिंदूर और ऑपरेशन महादेव भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद के खिलाफ हमारी दृढ़ता और सैन्य शक्ति का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने पहलगाम हमले में देश के 26 निर्दोष लोगों का बदला लेने के लिए बड़े और कड़े कदम उठाए।

भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर उनकी वहां छुपे आतंकवादी ठिकानों पर कड़ा प्रहार करके आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस की नीति को स्पष्ट कर दिया। 28 जुलाई को ऑपरेशन महादेव में हमारे सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस बल के जवानों ने पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले सुलेमान उर्फ फैसल जट, अफगान और जिबरान नाम के आतंकियों को सेना, सीआरपीएफ और पुलिस के संयुक्त अभियान में मार दिया गया है। बैसरन घाटी के हमले में ये तीनों आतंकी शामिल थे और तीनों को मार दिया गया है, जिसके लिए सेना के पैरा फोर्स, सीआरपीएफ और जम्मू कश्मीर पुलिस के जवानों को मैं बहुत-बहुत साधुवाद देती हूँ। लेकिन दूसरी ओर विपक्ष के नेता सेना के इस शौर्य का सबूत मांग रहें हैं जो कि निंदनीय है। पाकिस्तान ने जब भी भारत पर आतंकवादी हमला कर यहां की शांति भंग करने व अराजकता फैलाने का प्रयास किया प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हमारे सेना व पुलिस बल के जवानों ने उसका मुहतोड़ जवाब दिया। उरी हमले के बाद जब भारत ने सर्जिकल स्ट्राइक की, पुलवामा हमले के बाद जब एयर स्ट्राइक हुआ, ऑपरेशन महादेव में पहलगाम के आतंवादियों को मार गिराया गया तब भी विपक्षी पार्टियों ने इसके सबूत मांगे जो की हमारे सेना के मनोबल को ठेस पहुंचाने और विपक्ष की निम्न स्तर की राजनीति को दर्शाता है।

विपक्ष के नेता राष्ट्रीय सुरक्षा के बजाय राजनीति और तुष्टिकरण में लिप्त हैं। ये सभी ऑपरेशन न केवल हमारी सेना की वीरता और रणनीतिक क्षमता को दर्शाते हैं, बल्कि यह भी साबित करते हैं कि भारत अब आतंकवाद के खिलाफ चुप नहीं रहेगा। ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सटीक हवाई हमले किए। यह ऑपरेशन भारत की नई रणनीतिक सोच और आत्मनिर्भर रक्षा शक्ति का प्रतीक था। हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने हजारों मिसाइलों और ड्रोनों को नाकाम किया, जिसने दुनिया को हमारी तकनीकी ताकत दिखाई।

### ऑपरेशन सिंदूर भारत की नई रक्षा नीति व आत्मनिर्भरता का प्रतीक है

श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट किया की भारत किसी अन्य देश के दबाव और कहने पर सीज फायर नहीं किया, उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है यदि पाकिस्तान ने फिर से कोई कायराना हरकत की तो भारत गोली का जवाब गोले से देने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि इसने पाकिस्तान की परमाणु धमकी को झूठा साबित किया और आतंकियों के आकांक्षाओं को करारा जवाब दिया। गृह मंत्री ने स्पष्ट किया, ऑपरेशन सिंदूर आतंकियों के दिल पर हमला था और यह अभी भी जारी है। अगर पाकिस्तान ने जरा सी गड़बड़ी की, तो करारा जवाब मिलेगा। केन्द्रीय रक्षा मंत्री ने भारतीय सेना के उच्च मनोबल और समन्वित कार्यवाही की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की नई रक्षा नीति और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है, जिसमें स्वदेशी हथियारों और तीनों सेनाओं के तालमेल ने अहम भूमिका निभाई।

### भारत को आतंकवाद से मुक्त करने का संकल्प हमारा हैं

विधायक ने कहा कि ऑपरेशन महादेव, जो 22 अप्रैल 2025 से शुरू हुआ, आतंकियों के लिए काल बन गया। पहलगाम, अनंतनाग और दाचीगाम की पहाड़ियों में भारतीय सुरक्षाबलों ने सटीक इंटेलिजेंस और स्पेशल ऑपरेशंस के जरिए आतंकियों का खात्मा किया। पहलगाम हमले के तीनों आतंकियों को ऑपरेशन महादेव में मार गिराया गया। ये ऑपरेशन हमारी सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त जांबाजी का परिणाम हैं। यह सिर्फ सैन्य कार्यवाही नहीं, बल्कि उन परिवारों को न्याय दिलाने का प्रयास है, जिन्होंने अपनों को खोया। मैं कहना इस सन्दर्भ में इतना ही कहना चाहती हूँ कि यह समय राजनीति का नहीं, बल्कि एकजुटता का है। ऑपरेशन सिंदूर और महादेव ने दिखाया कि भारत अब आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा। यह हमारी सेना, सरकार और जनता की एकता का परिणाम है। हमें अपने जवानों पर गर्व है, जो सीमा पर और दुर्गम पहाड़ियों में अपनी जान जोखिम में डालकर देश की रक्षा करते हैं। मैं उन सभी शहीदों को नमन करती हूँ, जिनके बलिदान ने हमें सुरक्षित रखा, और उन परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करती हूँ, जिन्होंने अपनों को खोया। भारत को आतंकवाद से मुक्त करने का संकल्प हमारा है, और प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में हम इसे पूरा करके रहेंगे।

**प्रदर्शन:** परिजनों व ग्रामीणों ने शव सड़क में रख राजकीय मार्ग में किया चक्काजाम, न्याय की मांग

# ग्रामीण युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, पुलिस प्रताड़ना का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा/पाण्डातराई

जिले के बोड़ला थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम खड़ौदा खुर्द के आश्रित ग्राम तेंदूटोला निवासी ग्रामीण युवक माखन लाल यादव ने गुरूवार की सुबह करीब 10.00 बजे अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनो का आरोप है कि माखन ने बोड़ला पुलिस की प्रताड़ना के चलते आत्महत्या की है।

इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनो और ग्रामीणों ने पोड़ी-बिलासपुर मार्ग में मृतक का शव रखकर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। वहीं मृतक के परिजन तथा ग्रामीण मृतक को न्याय दिलाने तथा दोषी पुलिस अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

इस संबंध में मृतक के परिजनो से मिली जानकारी के अनुसार बोड़ला पुलिस ने बीते मंगलवार को चोरी के एक मामले में मृतक माखन यादव पिता नारद यादव आयु 35 वर्ष के भाई गोपाल यादव को गिरफ्तार किया था। आरोप है कि गोपाल की इस गिरफ्तारी के बाद बोड़ला पुलिस लगातार उसके घर पहुंचकर तथा कथित चोरी के संबंध में माखन और उसके परिजनो ने पूछताछ कर उन्हें प्रताड़ित कर रही थी।

मृतक के परिजनो ने बताया कि बोड़ला पुलिस की इसी प्रताड़ना से त्रस्त होकर गुरूवार को माखन ने मौका देखकर अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसकी जानकारी होने के बाद परिजनो तथा स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क गया और वे मृतक का शव रखकर सीधे पाण्डातराई विद्युत कार्यालय के पास पहुंचकर गए जहां उन्होने मृतक का शव सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी मृतक के परिवार के साथ नजर आया है। ग्रामीणों ने भी बताया कि माखन एक सीधासाधा व्यक्ति था जिसे पुलिस बेवजह चोरी के मामले में पूछताछ कर प्रताड़ित कर रही थी इसी के चलते उसने आत्मघाती कदम उठाया।





### मृतक का भाई तीन दिनों से पुलिस के कब्जे में, नहीं पेश किया गया न्यायालय में?

मृतक माखन लाल यादव निवासी ग्राम तेंदूटोला के परिजनो ने बताया कि मृतक के भाई गोपाल यादव को बोड़ला पुलिस ने बीते मंगलवार को घर से उठाया गया था लेकिन अभी तक न तो उसे न्यायालय में पेश किया गया है और न ही छोड़ा गया है। परिजनो ने पुलिस प्रशासन से सवाल करते हुए कहा कि अगर गोपाल की गिरफ्तारी की गई है तो फिर उसे गिरफ्तारी के बाद न्यायालय में पेश क्यों नहीं किया गया। परिजनो का आरोप है कि पुलिस बल पूर्वक गोपाल पर अपराध कबूल करने का दबाव बना रही है और उसके परिजनो को प्रताड़ित कर रही है।

### आरोप निराधार

चोरी के आरोपी गोपाल यादव के भाई माखन यादव को न तो कभी थाना लाया गया है और न ही कहीं बुलाकर उससे पूछताछ की गई है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस टीम आरोपी के घर पहुंची थी लेकिन आरोपी के बताए स्थान पर चोरी का सामान नहीं मिला। जिसके बाद परिजनो से इस बात की पुष्टि की गई थी कि कहीं आरोपी ने चोरी का सामान परिजनो को तो नहीं दिया है। पुलिस प्रताड़ना के आरोप निराधार व बेबुनियाद है।

**राजेश चण्ड, थाना प्रभारी, बोड़ला**

### मृतक के परिजनो व ग्रामीणों ने लगाई न्याय की गुहार

मृतक के परिजनो ने इस पूरे मामले की शासन-प्रशासन तथा प्रदेश के गृह मंत्री से निष्पक्ष जांच कराए जाने तथा बोड़ला पुलिस के दोषी अधिकारी व कर्मचारियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। उन्होने पीड़ित परिवार के सदस्य को मुआवजा तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की है। बताया जाता है कि अपनी इस मांग को लेकर मृतक के परिजन व ग्रामीण गुरूवार की दोपहर से लेकर समाचार लिखे जाने तक अपनी मांगों पर अड़े रहे और चक्काजाम जारी रखा।



## भोरमदेव कॉरिडोर से कबीरधाम को मिलेगी राष्ट्रीय पहचानः नीलू शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

सावन माह के पावन गुरुवार को छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने प्रदेश के ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन आस्था केंद्र बाबा भोरमदेव मंदिर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर दर्शन के पश्चात उन्होंने भंडारा स्थल में पहुँचकर श्रद्धालुओं के साथ बैठकर प्रसाद भी ग्रहण किया। मंदिर परिसर में मीडिया से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि कबीरधाम जिले में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में जिला भविष्य में प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों में गिना जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच और राज्य शासन के समन्वित प्रयासों से भोरमदेव मंदिर परिसर के विकास के लिए 146 करोड़ रुपए की स्वीकृति स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत मिली है। उन्होंने जानकारी दी कि भोरमदेव कॉरिडोर परियोजना के माध्यम से मंदिर परिसर से लेकर मड़वा महल, छेरकी महल, रामचुवा, सरोदा जलाशय तक के ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों का संरक्षण, संवर्धन और एकीकृत पर्यटन विकास किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से भारत सरकार, छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग और कबीरधाम जिला प्रशासन के संयुक्त सहयोग से विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। पर्यटन मंडल अध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि भोरमदेव मंदिर के इतिहास में पहली बार एक हजार वर्षों में जल शुद्धिकरण (वाटर ट्रीटमेंट) की ऐतिहासिक पहल की गई है। मंदिर परिसर में छह भव्य प्रवेश द्वार, नागद्वार, आधुनिक संग्रहालय, पार्क, संग्रहालय, तालाब सौंदर्यीकरण, म्यूजिकल फाउंटेन, परिधि दीवार, नई सीढ़ियाँ, पिलर हॉल, चिल्ड्रन पार्क, प्रसाद मंडप, यज्ञ स्थल, श्रद्धालुओं के लिए रैंप-सीढ़ियाँ, जूता-चप्पल रखने की व्यवस्था, भंडारा भवन, कांवड़ियों के लिए डोम और सार्वजनिक शौचालय जैसी बहुआयामी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। उन्होंने कहा कि स्वदेश दर्शन योजना के तहत भोरमदेव कॉरिडोर परियोजना छत्तीसगढ़ को पर्यटन मानचित्र पर नई ऊँचाइयों तक ले जाएगी और कबीरधाम जिले को राष्ट्रीय पहचान दिलाएगी।

## खबर संक्षेप

### सेवक साहू ने सीए की परीक्षा पास की गांव में खुशी

**कवर्धा।** पंडरिया ब्लाक अंतर्गत आने वाले ग्राम सांवतपुर निवासी सेवकराम साहू के चार्टेड एकाउंटेड की परीक्षा में



उत्तीर्ण होने पर स्थानीय ग्रामीणों ने खुशी जाहिर की है। ग्राम सांवतपुर के साधारण कृषक परिवार में जन्मे सेवक राम पढ़ाई लिखाई में बचपन से ही कुशाग्र रहे हैं। उनके पिता पंचूराम साहू व मां श्रीमती जानकी साहू जहां अपने बेटे की सफलता से गदगद हैं, वहीं स्थानीय निवासी और दुल्लापुर बाजार भाजपा मंडल के अध्यक्ष फलित साहू ने कहा कि शुरू से ही होनहार रहे युवा सेवकराम की कड़ी मेहनत और लगन के चलते ही उन्हें यह शानदार उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

### छिरहा में तुलसीदास जयंती का आयोजन

**कवर्धा।** शासकीय हाई स्कूल छिरहा में आज भक्ति काव्य परंपरा के अग्रदूत गोस्वामी तुलसीदास जी की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने तुलसीदास जी के प्रेरक जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित कालजयी महाकाव्य रामचरितमानस हमें आदर्श जीवन जीने की कला सिखाता है। यह हमें नैतिकता तथा मानवीय मूल्यों का पाठ पढ़ाता है। इस गरिमामय आयोजन में व्याख्याता कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी, वीणाक्षी नामदेव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री की अनुशंसा पर विकास कार्य स्वीकृत

**कवर्धा।** कैबिनेट मंत्री व कबीरधाम जिले के प्रभारी मंत्री लखनलाल देवांगन की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा पंडरिया विधानसभा के अलग-अलग ग्रामों में निर्माण कार्यों के लिए प्रभारी मंत्री मद से 8 लाख 99 हजार 700 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। निर्माण कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सहसपुर लोहारा और कवर्धा क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है।

## महली-कुण्डा सड़क जर्जर लोगों को नापनी पड़ लम्बी दूरी

### वर्षों की मांग के बाद भी बेहतर आवागमन की सुविधा नहीं



■ करीब बीस किलो मीटर की सड़क में गड्ढे ही गड्ढे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुण्डा

विकासखण्ड पंडरिया अन्तर्गत ग्राम महली से कुण्डा तक सड़क की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है। बताया जाता है कि इस मार्ग की मरम्मत पिछले वर्ष ही की गई थी लेकिन स्तरहीन कार्य, भारी वाहन की लगातार की आवाजाही तथा बरसात के कारण सड़क में एक फिर बड़े-बड़े गड्ढे निर्मित हो चुके हैं और अब सड़क चलने लायक नहीं रह गई है।

आलम ये है कि मोटर सायकल सवार जहां सड़क में फिसल कर गिर रहे हैं वहीं छोटे चार पहिया वाहन कीचड़ व गड्ढों में फंस रहे हैं। क्षेत्रवासियों के मुताबिक ग्राम रेंगाबोड, गुंझेटा, खम्हरिया व अखरा के पास सड़क ज्यादा खराब है और यहां अधिक बड़े गड्ढे बन गए हैं। जिससे ग्रामीणों को कुण्डा व पंडरिया जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। इसी प्रकार ग्राम कुण्डा से माकरी, दामपुर, पटुआ तक की प्रधानमंत्री सड़क अत्यंत जर्जर अवस्था मे हैं।

महली से कुण्डा व पटुआ तक सड़क की लंबाई लगभग 22 किलो मीटर है। यह सड़क कम चौड़ी है, सड़क किनारे कीचड़ होने के कारण वाहन फंस जाती है और मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। वहीं सामने से आ रहे वाहन को साइड देते तथा ओवरटेक करते भी नहीं बनता है। बताया जाता है कि विकासखण्ड पंडरिया के अंतिम ग्राम पटुआ के बाद बेमेतरा जिले का कठुतिया ग्राम प्रारंभ हो जाता है और आगे यह मार्ग बेमेतरा की ओर जाता है। महली से कुण्डा-पटुवा सड़क खराब होने के कारण इस मार्ग में आवागमन काफी कम है।

माना जा रहा है कि इस सड़क के बन जाने पर यह कुण्डावासियों व क्षेत्र के लोगों के लिए बहुत ही किफायती साबित होगा। कुण्डा सहित विकासखण्ड के लोगों को राजधानी पहुंचने के लिए यह सबसे कम दूरी की सड़क होगी। वर्तमान में लोगों को कवर्धा व मुंगेली होकर रायपुर जाना पड़ता है। महली-कुण्डा-दामापुर-दाढ़ी होकर सड़क बनने पर राजधानी की दूरी करीब 30 किलोमीटर कम हो जाएगी।

### चौड़ी सड़क बनाने की जरूरत

क्षेत्र के लोग पिछले 12 वर्षों से महली, कुण्डा, माकरी, पटुवा, कठुतिया, छीरहा, दाढ़ी होते हुए कवर्धा-बेमेतरा मुख्य मार्ग को जोडने की मांग कर रहे हैं। महली इसकी लंबाई करीब 40 किलो मीटर की होगी। वर्तमान में यह सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्मित है। जिसमें महली से पटुवा तक सड़क जर्जर अवस्था मे है तथा बेमेतरा जिले के छिरहा से रायपुर मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण हो चुका है। महली-कुण्डा-दामपुर -पटुवा मार्ग का उन्नयन कर चौड़ी सड़क बनाए जाने की जरूरत है। इस सड़क के बनने से कुण्डा के ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को रायपुर जाने में काफी कम दूरी तय करनी पड़ेगी।

## प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 3 अगस्त को, व्यापमं द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का परीक्षार्थियों को करना होगा पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) रायपुर द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा 3 अगस्त 2025 रविवार को आयोजित की गई है। यह परीक्षा सुबह पाली में प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक संपन्न होगी।

कबीरधाम जिले में परीक्षा के लिए कुल 10 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 3078 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने परीक्षा की समुचित तैयारी सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था, परीक्षा संचालन और अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए मूलभूत आवश्यकताओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है।

परीक्षा की सुचारु और पारदर्शी तरीके से सम्पन्नता के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्षलता वर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। व्यापम द्वारा परीक्षा केन्द्रो पर कड़े दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या अनियमितता से बचा जा सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने व्यापम की सभी परीक्षाओं के लिए निर्धारित दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

### 10 परीक्षा केन्द्रों में 3078 अभ्यर्थी परीक्षा में होंगे शामिल

डिप्टी कलेक्टर सुश्री हर्षलता वर्मा ने बताया कि प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के लिए जिले में 10 परीक्षा केन्द्रर निर्धारित किया गया है। इसमें पीजी कॉलेज कवर्धा, शासकीय राजमाता विजयराज्यये सिंधिया कन्या महाविद्यालय कवर्धा, संत कबीर कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन कवर्धा, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल दुर्गावती चौक, शासकीय स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम स्कूल बस स्टैड, स्वामी करपात्री जी शासकीय हायर स्कूल कवर्धा, शासकीय नवीन कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कचहरीपारा कवर्धा, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल शक्ति वार्ड कवर्धा, शासकीय हाई स्कूल कैलाश नगर कवर्धा और सरस्वती शिशु मंदिर राजनांदगांव रोड कवर्धा को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

## स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार के लिए 5 लाख 50 हजार की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा की अनुशंसा पर कलेक्टर गोपाल वर्मा द्वारा पंडरिया विधानसभा के ग्रामों में निर्माण कार्यों, स्वास्थ्य सुविधा के विस्तार के लिए प्रभारी मंत्री मद से 5 लाख 50 रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इन कार्य के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कवर्धा और सीएमएचओ को क्रियान्वयन एजेंसी बनाया गया है। विधायक मद से पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बाघामुड़ा, ग्ाम पंचायत पेन्ड्रा में शौचालय निर्माण कार्य के लिए 1 लाख रूपए और वनांचल क्षेत्र कुई कुकदूर में 02 नग बाईक एम्बुलेंस के चार लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी है। ग्रामीण अंचलों में विकास एवं निर्माण कार्यो के लिए मिली इस स्वीकृति से ग्रामीणों में हर्ष व्याप्त है।

### पुलिस परिवार ने पुलिस लाइन में किया पौधारोपण



**कवर्धा।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए पुलिस लाइन स्थित पुलिस वाटिका में पुलिस परिवार द्वारा हरीतिमा टीम के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजित किया गया। इस अवसर पर बीआर .बिसेन थाना प्रभारी अजाक, तीर्थराम नेताम प्रधान आरक्षक थाना अजाक, महिला आरक्षक पिंकी तिवारी थाना अजाक, आरक्षक ललित धुर्वे थाना अजाक, आरक्षक रूपेश निषाद डीआरजी, सुश्री रीना शर्मा सदस्य हरीतिमा टीम नगर सैनिक, स्वामी विवेकानंद एकेडमी ट्रेनर अन्य लोगों ने उपस्थित होकर पुलिस लाइन परिसर में पौध रोपण कर उन्हें संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अजाक थाना प्रभारी बलिराम बिसेन ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। इनकी देखभाल और सुरक्षा हम सभी की जिम्मेदारी है, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण मिल सके। कार्यक्रम के अंत में हरीतिमा टीम के सदस्य सुदर्शन साहू ने सभी सहभागियों और पुलिस परिवार का आभार प्रकट किया। पुलिस परिवार के सदस्यों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए और उन्हें नियमित रूप से संरक्षित करने का संकल्प भी लिया।

**प्रधानपाठकों व शिक्षकों को दिए व्यवस्था दुरूस्थ करने के साथ आवश्यक निर्देश**

## बीईओ ने किया वनांचल के स्कूलों का निरीक्षण




हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

जिले के विकासखण्ड पंडरिया के वनांचल ईलाकों में संचालित सरकारी स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों की अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों के प्रति लगातार मिल रही लापरवाही की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए गत दिनो विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एमके गुप्ता व सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी दीपक ठाकुर के द्वारा वनांचल क्षेत्र कुई, नेउर, बाहपानी, रुखमीदादर के विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थित की जांच की तथा विद्यालयों में रंग रोगन एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने एवं जर्जर भवन में बच्चों को अध्यापन नहीं कराने के लिए संबंधित प्रधान पाठकों को निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मध्यान भोजन अंतर्गत मेनू चार्ट का दीवार लेखन करने, मध्यान भोजन मेनू अनुसार संचालित, पाठ्य पुस्तक, गणेश का वितरण की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ने शालाओं में पदस्थ शिक्षकों को समय पर उपस्थित होने दैनंदनी बनाने, मध्यान भोजन योजना अंतर्गत प्रतिदिन लाभान्वित हुए छात्र-छात्राओं की जानकारी ऑनलाइन मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से एंट्री करने एवं उच्च कार्यालय द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करने कहा।

## नगर के कांवडियों ने बड़ी संख्या में बैजनाथ धाम में किया जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोलेगांव



सावन माह में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक का अपना अलग ही महत्व है। जिसके चलते श्रद्धालु पूरी आस्था के अलग-अलग स्थान से पवित्र नदियों का जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर रहे हैं। इसी कड़ी में धर्म नगरी कवर्धा से जनपद उपाध्यक्ष पंडरिया छत्र किशोर, सानू तिवारी, नरेंद्र चंद्रवंशी, गुलाब चंद्रवंशी, मुकेश चंद्रवंशी, राघव चंद्रवंशी, रूपेश चंद्रवंशी सहित अन्य शिवभक्तों ने गत 22 जुलाई को सुल्तानगंज से पवित्र गंगा जल लेकर 120 किलो मीटर की कांवर यात्रा कर देवघर नगरी बाबा बैजनाथ धाम पहुंचकर बाबा बैजनाथ का जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात बाबा बैद्यनाथ धाम से 80 किलो मीटर दूरी पर बासुकीनाथ में भी जलाभिषेक कर 28 जुलाई को धर्म नगरी कवर्धा वापस लौटे। माना जाता है कि कावड़ यात्रा जीवन यात्रा का प्रतीक है। जिसका उद्देश्य अनुशासन, सात्विकता और वैराग्य के साथ ईश्वरीय शक्ति से जुडन्ना है। ऐसा माना जाता है की कावड़ यात्रा से संकल्प शक्ति के साथ आत्मविश्वास जागृत होता है। कहा जाता है कि भगवान शिव शीघ्र प्रशन्न होने वाले देवता हैं कांवड़ उठाने वाले कांवड़िया कहलाते हैं जो एक बांस की डंडी और उसे जुड़े दो पात्र में पवित्र जल भरकर शिव का जय घोष करते हुए पदयात्रा करते हुए शिवालयों में जलाभिषेक करते हैं।